
UPHIN/2011/39718

बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

दैनिक
# यंग भारत
निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर
Digital Edition

यंग भारत वेब न्यूज़

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ

वर्ष-14 अंक-126 | कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में | उरई (जालौन) शनिवार 18 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य-02 रूपये

# यूपी में इसी हफ्ते हो सकता है मंत्रिमंडल विस्तार, दिल्ली में 'मंथन' के बाद फाइनल हुई लिस्ट !



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों ने अब रफ्तार पकड़ ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंत्रिमंडल में विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं, जिसकी संभावना इसी सप्ताह जताई जा रही है। राजनीतिक गलियारों में हलचल है कि यह विस्तार केवल प्रशासनिक फेरबदल नहीं, बल्कि आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर किया जाने वाला एक बड़ा 'सोशल इंजीनियरिंग' प्रयोग होगा।



### दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व का मंथन

राजधानी लखनऊ में लंबी बैठकों का दौर चलने के बाद अब निर्णय का केंद्र दिल्ली स्थानांतरित हो गया है। उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बी.एल. संतोष के साथ एक अहम बैठक की है। देर रात तक चली इस बैठक में उन चेहरों पर मुहर लगाई गई है, जिन्हें योगी टीम में नई जिम्मेदारी दी जानी है।

### संगठन और सरकार में एक साथ बदलाव

सूत्रों के अनुसार, भाजपा इस बार संगठन और सरकार में एक साथ नियुक्तियां करने की रणनीति पर काम कर रही है। संभावना है कि रविवार या सोमवार को नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाए। मंत्रिमंडल विस्तार के तुरंत बाद ही संगठन के नए पदाधिकारियों की सूची भी जारी की जा सकती है। हाल ही में संगठन चुनाव के प्रेक्षक विनोद तावड़े ने लखनऊ में दो दिनों तक चली बैठक की अपनी विस्तृत रिपोर्ट गृह मंत्री अमित शाह को सौंप दी है, जिसके बाद से ही दिल्ली में यह मंथन शुरू हुआ।

### जातीय समीकरण पर विशेष फोकस

2027 के चुनावी रण को देखते हुए इस विस्तार में जातीय समीकरणों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। पार्टी का मुख्य उद्देश्य उन सामाजिक वर्गों को साधने का है, जो हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों के बाद पार्टी से दूर दिखे हैं। माना जा रहा है कि कुर्मी, पासी, ब्राह्मण और ओबीसी वर्ग के नए चेहरों को मंत्रिमंडल में शामिल कर क्षेत्रीय और सामाजिक संतुलन बनाने की कोशिश की जाएगी।

### नए चेहरों की एंट्री, कुछ की हो सकती है छुट्टी

वर्तमान में यूपी मंत्रिपरिषद में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ, कुछ मौजूदा मंत्रियों के कामकाज की समीक्षा भी की गई है। चर्चा है कि बेहतर प्रदर्शन न करने वाले कुछ मंत्रियों को संगठन की जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है, ताकि सरकार में नई ऊर्जा का संचार हो सके। रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर उन क्षेत्रों से भरा जाएगा जहाँ विकास कार्यों और राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने की आवश्यकता है।

## उप्र: सभी 75 जिलों में तैयार हो रही 'साइबर विशेषज्ञों' की टीम

( यंग भारत न्यूज )




प्रदेश में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सभी 75 जिलों में 'साइबर विशेषज्ञों' की टीम तैयार की जा रही है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुलिसिंग को आधुनिक और परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, पांच चरणों में 500 विशेषज्ञ तैयार करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है और अब तक 300 विशेषज्ञ प्रशिक्षित किए जा चुके हैं जबकि शेष दो बैचों का प्रशिक्षण शीघ्र पूरा किया जाएगा। इस पहल की विशेषता यह है कि प्रशिक्षित अधिकारी अपने-अपने जिलों और कमिश्नरेट में अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रशिक्षित करेंगे। बयान के मुताबिक, वे कार्यशालाओं के माध्यम से आरक्षी से लेकर निरीक्षक स्तर तक के कर्मियों को क्राइम सीन प्रबंधन, साइबर फॉरेंसिक, डिजिटल साक्ष्य संरक्षण और वैज्ञानिक जांच के तरीकों की जानकारी देंगे। संस्थान के संस्थापक निदेशक डॉ. जी. के. गोस्वामी ने बताया कि तीन बैचों का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है जबकि चौथा बैच 27 अप्रैल से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि यह पहल राज्य में फॉरेंसिक आधारित पुलिसिंग को मजबूत बनाने और कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। भाषा आनन्द जितेंद्र

## सुर्खियां............

### यूपी में 2085 पदों पर बंपर भर्ती, 25 अप्रैल से शुरू होंगे आवेदन

( यंग भारत न्यूज )




प्रदेश में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी है। उत्तर प्रदेश सहकारी संस्था सेवा बोर्ड ने वर्ष 2026 के लिए 2085 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती अभियान के तहत बैंकिंग, तकनीकी और गैर-बैंकिंग सेवाओं में कई अहम पद भरे जाएंगे। इन पदों में प्रबंधक, जूनियर मैनेजर, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, सहायक, कैशियर और स्टेनोग्राफर शामिल हैं। योग्य स्नातक और डिप्लोमा धारक उम्मीदवार इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 25 अप्रैल 2026 से शुरू होगी और उम्मीदवार 15 मई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। आवेदन केवल बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे।

योग्यता की बात करें तो प्रबंधक और जूनियर मैनेजर पदों के लिए बी.कॉम या अर्थशास्त्र/गणित में कम से कम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक और कंप्यूटर में 'O' लेवल सर्टिफिकेट जरूरी है। वहीं सहायक और कैशियर पदों के लिए किसी भी विषय में 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक और CCC सर्टिफिकेट अनिवार्य रखा गया है। तकनीकी पदों जैसे सहायक अभियंता और जूनियर इंजीनियर के लिए सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री या डिप्लोमा जरूरी है, जबकि स्टेनोग्राफर पद के लिए शॉर्टहैंड और टाइपिंग स्पीड का मानक तय किया गया है। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष के बीच रखी गई है। हालांकि, आरक्षित वर्गों और दिव्यांग अभ्यर्थियों को सरकारी नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। वेतनमान भी आकर्षक है। सहायक अभियंता (लेवल-10) के लिए 56,100 रुपये से 1,77,500 रुपये तक सैलरी निर्धारित है, जबकि सहायक और कैशियर पदों के लिए 25,620 रुपये से 64,670 रुपये तक वेतन मिलेगा। आवेदन शुल्क सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 500 रुपये, एससी/एसटी के लिए 250 रुपये और दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए निशुल्क रखा गया है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर Recruitment 2026' लिंक पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद लॉगिन आईडी से फॉर्म भरकर फोटो, हस्ताक्षर और आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। अंत में शुल्क का भुगतान कर फॉर्म सबमिट करना होगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि भविष्य के लिए आवेदन पत्र का प्रिंटआउट जरूर सुरक्षित रखें।

### राहुल बोले- बालाकोट, नोटबंदी, सिंदूर का जादूगर पकड़ा गया : एनडीए बोला- यह पीएम का अपमान

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा, यह महिला आरक्षण बिल महिलाओं को कमजोर बनाएगा। यह शर्मनाक कानून है, पुराना कानून लाओ हम समर्थन देंगे। यह सिर्फ भारत के निर्वाचन क्षेत्र के नक्शे को बदलने के लिए है। राहुल ने पीएम मोदी का नाम लिए बिना कहा- बालाकोट, नोटबंदी, सिंदूर का जादूगर पकड़ा गया। इस पर एनडीए सांसदों ने विरोध किया। बोले- राहुल प्रधानमंत्री का अपमान कर रहे हैं। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने उनके विवादित शब्दों को कार्यवाही से हटा दिया।

लोकसभा में महिला आरक्षण को लागू करने के लिए सीटों के परिसीमन से जुड़े तीन संशोधित बिलों पर आज लोकसभा में दूसरे दिन चर्चा जारी है। बिलों पर आज ही वोटिंग होगी। सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है: भाजपा जानती है कि यह बिल पास नहीं हो सकता। वे इतने बेवकूफ नहीं है वे जानते हैं। इसीलिए उन्होंने चुनावी नक्शा बदलने के लिए महिला आरक्षण का सहारा लिया। सच यह है कि जादूगर पकड़ा गया है। सिंदूर, नोटबंदी का जादूगर पकड़ा गया है। हम आपको चुनावी नक्शा बदलने नहीं देंगे: आप डरते हो कि देश की राजनीति में क्या हो रहा है। आपकी पॉवर कम होती जा रही है। इसलिए चुनावी नक्शा बदलना चाह रहे हो जैसा कि असम में किया, लेकिन हम आपको ऐसा नहीं करने देंगे। पूरा विपक्ष इसे हरा कर रहेगा। दलितों, ओबीसी वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल: भारत के इतिहास में यह सबसे कड़वा सच है। मैं इसके बारे में सब जानता हूं। यह ओबीसी, दलित वर्गों के लिए क्रूरता वाला बिल है।

## नारी सिर्फ़ सियासी नारा रही : महिला आरक्षण बिल पर अखिलेश यादव का बड़ा हमला, बताया बीजेपी की राजनीतिक साज़िश

( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'नारी वंदना' महिला आरक्षण बिल की मंशा, प्रक्रिया और प्रभाव पर सवाल उठाते हुए इसे महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ बताया. अखिलेश यादव ने अपने पोस्ट में कहा कि तथाकथित महिला आरक्षण बिल के बहाने नारी को सिर्फ एक नारा बनाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि महिला असुरक्षा, बढ़ते अपराध, महंगाई, बेरोजगारी और अशिक्षा जैसे मुद्दों के चलते महिलाएं बीजेपी से दूरी बना रही हैं. ऐसे में ये बिल वास्तविक सशक्तिकरण के बजाय राजनीतिक रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है.

### बिल महिला अधिकारों को सीमित करने का प्रयास

सपा सुप्रीमो ने आगे कहा कि ये बिल महिलाओं के अधिकारों का विस्तार नहीं बल्कि उन्हें सीमित करने का प्रयास है. उनके अनुसार, इस बिल को लेकर उठाए जा रहे सवाल विरोध नहीं बल्कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए एक 'सकारात्मक लक्ष्मण रेखा' हैं. सपा




प्रमुख ने दावा किया कि ये बिल पिछड़े, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के हितों के खिलाफ है, जो देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधित्व करती हैं. उन्होंने इसे महिलाओं के बीच विभाजन पैदा करने की साज़िश करार देते हुए कहा कि इससे उनकी सामूहिक शक्ति कमजोर होगी.

### समाज को बांटने वाले अब महिलाओं को बांट रहे

वहीं भाजपा पर जोरदार हमला करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि उनके वैचारिक पूर्वजों ने आजादी से पहले और बाद में समाज को बांटने का काम किया और अब वही सोच महिलाओं के संदर्भ में भी लागू की जा रही है. उन्होंने इस बिल को 'दरारवादी राजनीति का काला दस्तावेज़' बताते हुए कहा कि जिन लोगों ने अपने संगठनों में महिलाओं को उचित सम्मान नहीं दिया, वे राजनीति में भी उन्हें उचित स्थान नहीं देंगे.

### OBC महिलाओं को मिले 33 फीसदी आरक्षण

पूर्व सीएम ने आंकड़ों के आधार पर भी अपनी आपत्ति जताई. उनका कहना था कि यदि पिछड़े वर्ग की आबादी 66 प्रतिशत मानी जाए तो उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत होगी. लेकिन इस बिल में उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि ये बिल 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण देने के बजाय उनका हक छीनने का प्रयास है.

### सपा बिल के नहीं बल्कि शोषणकारी प्रक्रिया के खिलाफ

अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि वे बिल के विरोध में नहीं हैं, बल्कि उसकी 'शोषणकारी प्रक्रिया' के खिलाफ हैं. उनके अनुसार, यदि सरकार की मंशा साफ होती तो इस पर सवाल नहीं उठते. उन्होंने इसे जल्दबाज़ी में लाया गया कदम बताया, जिसमें पर्याप्त तैयारी और पारदर्शिता का अभाव है.

### 2011 नहीं 2026 की जनगणना हो आधार

जनगणना के मुद्दे को उठाते हुए उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण का आधार सही जनसंख्या आंकड़े होने चाहिए, लेकिन 2011 के पुराने आंकड़ों पर आधारित व्यवस्था उचित नहीं है. उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर नई जनगणना और जातिवार आंकड़ों से बच रही है, ताकि आरक्षण के वास्तविक लाभ से वंचित वर्गों को दूर रखा जा सके. वहीं अपने पोस्ट के आखिर में अखिलेश यादव ने कहा कि ये बिल तब तक स्वीकार्य नहीं हो सकता जब तक इसकी प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाता और सभी वर्गों की महिलाओं के अधिकारों को समान रूप से सुनिश्चित नहीं किया जाता.

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम को बताया ऐतिहासिक

कन्नौज: योगी सरकार में समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने कन्नौज में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया. उन्होंने केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि ये अधिनियम देश की आधी आबादी को लोकतंत्र के केंद्र में स्थापित करने का सशक्त माध्यम बनेगा. असीम अरुण ने ये बातें गुरुवार को जिले की मंडी समिति प्रांगण में बीजेपी की ओर से आयोजित विधानसभा स्तरीय महिला सम्मेलन में कही. कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, सामाजिक भागीदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर विस्तार से चर्चा भी हुई. मंत्री असीम अरुण ने कहा कि पीएम योगी के नेतृत्व में सरकार महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति निर्माण की भागीदार बनाने की दिशा में कार्य कर रही है. उन्होंने जोर देकर कहा कि ये विधेयक महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में उचित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगा, जिससे निर्णय प्रक्रिया में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ेगी और समाज के समग्र विकास को नई गति मिलेगी.

# महिला आरक्षण बिल के समर्थन में उतरी मायावती

## बोली- जितना मिल रहा स्वीकार करें, कांग्रेस और सपा को बताया गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली पार्टी

( यंग भारत न्यूज )
( प्रबन्ध सम्पादक )

**लखनऊ:** बसपा सुप्रीमो और यूपी की पूर्व सीएम मायावती ने महिला आरक्षण बिल का एक बार फिर समर्थन किया है. साथ ही उन्हें विपक्षी पार्टी खासकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है. मायावती ने कांग्रेस को गिरगिट की तरह रंग बदलने वाली पार्टी बताया है, साथ ही समाजवादी पार्टी को भी सत्ता में रहते हुए किए गए आरक्षण विरोधी कार्यों की याद दिलाई है. बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख ने आरक्षण के मुद्दे पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है.




मायावती ने अपने पोस्ट में लिखा कि देश के SC, ST और OBC समाज के संवैधानिक अधिकारों के मामले में कांग्रेस गिरगिट की तरह अपना रंग बदलने वाली पार्टी है. महिला आरक्षण में जो अब इन वर्गों की बात कर रही है, यही कांग्रेस पार्टी है जिसने अपनी केंद्र की सरकार के रहते हुए किसी भी क्षेत्र में इनके आरक्षण के कोटे को पूरा कराने की कभी पहल नहीं किया. साथ ही OBC समाज के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट के हिसाब से उन्हें सरकारी नौकरी और शिक्षा में 27 प्रतिशत आरक्षण को भी लागू नहीं किया. जिसे फिर BSP के अथक प्रयासों से पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह की सरकार में अंतत: लागू किया गया था, जो सर्वविदित है. बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि सपा सरकार ने भी पिछड़ा वर्ग आयोग की जुलाई 1994 में ही आई रिपोर्ट को भी ठण्डे बस्ते में डालकर इसे लागू नहीं किया था. पिछड़े मुस्लिमों को OBC का दर्जा बीएसपी ने अपनी पार्टी की पहली सरकार बनते ही तीन जून 1995 को लागू किया. जो कि अब यही सपा अपना रंग बदलकर अपने राजनैतिक स्वार्थ में इनकी महिलाओं को अलग से आरक्षण देने की बात कर रही है. सपा जब सरकार में नहीं है तो अलग रवैया अपना रही है, लेकिन जब सरकार में होती है तो अलग संकीर्ण जातिवादी और तिरस्कारी रवैया अपनाती है.पूर्व सीएम मायावती ने कहा कि जहां तक महिला आरक्षण के लिए पिछली (वर्ष 2011) जनगणना के आधार पर परिसीमन करने का सवाल है, तो इस बारे में यही कहना है कि अगर इसे जिन भी कारणों से जल्दी लागू करना है तो फिर इसी जनगणना के आधार पर करना है. यदि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी केंद्र की सत्ता में होती तो फिर यह पार्टी भी बीजेपी की तरह ही यही कदम उठाती. देश में SC, ST, OBC और मुस्लिम समाज के वास्तविक हित, कल्याण व उनके भविष्य संवारने के किसी भी मामले में कोई भी पार्टी गम्भीर नहीं रही है. महिला आरक्षण के मामले में SC, ST, OBC वर्गों को अभी जो कुछ भी मिलने वाला है तो उसे इनको फिलहाल स्वीकार कर लेना चाहिये और इस मामले में आगे अच्छा वक्त आने पर इनके हितों का सही से पूरा ध्यान रखा जायेगा. इन्हें किसी के भी बहकावे में नहीं आना है, क्योंकि इनको खुद अपने पैरों पर खड़े होकर अपने समाज को आत्मनिर्भर और मजबूत बनाना है, यही सलाह है.

# प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्रों को चार चार कॉपियां निशुल्क वितरित की गईं

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** भारत विकास परिषद छत्रसाल शाखा और हर्षदान फाउंडेशन के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालयों के 100 छात्रों को चार चार कॉपियां निशुल्क वितरित की गईं। प्राथमिक विद्यालय अमखेड़ा और प्राथमिक विद्यालय कैंथ में आयोजित कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के शाखा अध्यक्ष सुशील बाजपेयी एवं निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि बच्चे जो इस उम्र में जो ज्ञान सीखते हैं वह उम्र भर चलता है। बच्चों के भविष्य की नींच इसी उम्र में शुरू होती है। इसलिए उन्हें अच्छे से अच्छा ज्ञान दिलाना आवश्यक है। भारत विकास परिषद और हर्षदान फाउंडेशन उन्हीं सपनों को उड़ान दे रहा है।

सभी बच्चों को चार-चार कॉपियां देकर उनके सपनों को पंख देने का प्रयास है। ताकि परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को संसाधनों की कमी महसूस न हो। इस दौरान दोनों विद्यालयों में 100 बच्चों को निशुल्क चार-चार कॉपियों का वितरण किया गया। इस मौके पर अशोक गुप्ता, अरविंद बाजपेयी, देवेंद्र कुमार, अभिषेक गोस्वामी, प्रधानाचाध्यापक विपिन उपाध्याय आदि रहे।

# गुरावती में शिक्षा चौपाल का आयोजन

## उत्कृष्ट बच्चो सहित शिक्षको को किया गया सम्मानित

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर में स्थित कम्पोजिट विद्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग के संयोजन में 'शिक्षा चौपाल' एवं 'रेडनेस बाल वाटिका उन्मुखीकरण कार्यक्रम' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देना और बच्चों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस दौरान उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने और शिक्षकों के साथ संवाद बनाए रखने का आह्वान किया। चौपाल में मौजूद अभिभावकों को निपुण भारत मिशन सहित विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील राजपूत उपस्थित रहे। जबकि प्रधान प्रतिनिधि पुष्पेंद्र,शिक्षक जितेंद्र गुप्ता एवं अभिलाष तिवारी मंचा पर उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बाल शिक्षा के महत्व, प्रारंभिक शिक्षा में परिवार की भूमिका और बच्चों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।इस अवसर पर सेवा निवृत्त शिक्षकों मलखान सिंह, राजकुमार और विमला जाटव को सम्मानित किया गया। वहीं निपुण विद्यालय में उत्कृष्ट कार्य के लिए जितेंद्र गुप्ता को भी सम्मान मिला। इसके अलावा मेधावी छात्र-छात्राओं तन्मय, साध्वी, राशि, आदित्य और उपेंद्र को पुरस्कृत किया गया।अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु करन सिंह, ओमप्रकाश और रवि सिंह को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एआरपी रविन्द्र पटेल सहित क्षेत्र के शिक्षक,अभिभावक और ग्रामीण उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में आयोजको द्वारा उपस्थित सभी का आभार प्रकट किया गया।

# गरीब रिक्शा चालक की मदद को आगे आई पुलिस, थाना अध्यक्ष ने पेश की मानवता की मिसाल

## आर्थिक संकट से जूझ रहे धर्मा सिंह को मिली राहत, क्षेत्र में हो रही सराहना

( यंग भारत न्यूज )



**माधोगढ़ (जालौन)।** आर्थिक तंगी से जूझ रहे एक गरीब रिक्शा चालक की मदद के लिए थाना रेंढ़र पुलिस ने मानवीय संवेदना का परिचय दिया है। धर्मा सिंह नामक रिक्शा चालक, जो अपनी रोजी-रोटी के लिए पूरी तरह रिक्शा पर निर्भर है, इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था।

जानकारी के अनुसार धर्मा सिंह अपने परिवार का भरण-पोषण करने में भी असमर्थ हो रहा था। वहीं रिक्शा की किस्त (ईएमआई) जमा न कर पाने के कारण उसकी आजीविका पर संकट मंडरा रहा था, जिससे वह मानसिक रूप से भी परेशान था। इस संवेदनशील स्थिति को देखते हुए थाना अध्यक्ष अभिनेन्द्र सिंह ने आगे बढ़कर मानवता का परिचय दिया और धर्मा सिंह को आर्थिक सहायता प्रदान की। उनकी इस पहल से न केवल पीड़ित को राहत मिली, बल्कि पुलिस का संवेदनशील और सकारात्मक चेहरा भी सामने आया है। थाना अध्यक्ष की इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह के कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं और जरूरतमंदों की मदद के लिए सभी को आगे आना

# अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर गोष्ठी का आयोजन किया गया

( यंग भारत न्यूज )




**कोंच** अशोक शुक्ला महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा जागरूकता पर नारी शक्ति विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी एवं मानव श्रृंखला जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

बौद्धिक चर्चा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय से मारकंडेयश्वर तिराहे तक रैली निकाल कर महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र कुमार द्विवेदी ने छात्राओं को बताया कि आज हम एक ऐसे कानून पर चर्चा कर रहे हैं जो केवल कागजी अधिकार नहीं बल्कि भारत की नीति बदलने वाला एक सशक्त संकल्प है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर है जो राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की निर्णायक भूमिका को सुनिश्चित करता है। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी अंजना द्विवेदी, शशि देवी, वीरेंद्र त्रिपाठी, धनेंद्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी एवं धूल से आंख का बचाव करे

## अगर किसी प्रकार की समस्या है तो नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श करे

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर के जाने माने नेत्र परीक्षक डॉ कुलदीप सिंह से पत्रकार शुभम तिवारी ने वार्ताकर आंख की सुरक्षा से संबंधित जानकारी हासिल की डॉ कुलदीप ने बताया कि गर्मियों में आंखों की देखभाल के लिए सौ प्रतिशत यूवी सुरक्षा वाला धूप का चश्मा पहनें उन्होने बताया अधिक से अधिक पानी का सेवन करे ताकि आंखें नम रहें डॉ ने सलाह दी कि धूल से बचाव के लिए टोपी का उपयोग करें।

पूंछे जाने पर डॉ कुलदीप ने बताया कि गर्मियों में आंखों की देखभाल का विशेष ध्यान रखे हमेशा अच्छी गुणवत्ता वाले सनग्लासेज पहनें जो यूवी 400 सुरक्षा प्रदान करते हों, यह मोतियाबिंद जैसी समस्याओं से बचाता है।उन्होने बताया दिन भर में कम से कम 8-10 गिलास पानी पिए क्योंकि निर्जलीकरण से आँखों में सूखापन हो सकता है।खुजली होने पर आंखों को न रगड़ें, इससे कॉर्निया को नुकसान हो सकता है। एलर्जी के लिए ठंडी सिंकाई का उपयोग करें। कंटैक्ट लेंस में सावधानी को लेकर डॉ ने बताया कि गर्मियों में सूखेपन के कारण लेंस पहनने वालों को ज्यादा परेशानी हो सकती है, इसलिए लुब्रिकेटिंग आई ड्रॉप्स का उपयोग करें। तेज धूप और स्क्रीन की चकाचौंध से आंखों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, इसलिए स्क्रीन टाइम को कम करें।और एंटी रिफ्रैक्टिव कोटिंग ग्लास का प्रयोग करे। वही उन्होने खाने पीने पर भी विशेष ध्यान रखने की बात कही उन्होने कहा पौष्टिक आहार गाजर, पालक, और खट्टे फलों का सेवन करें जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं और आंखों को नुकसान से बचाते हैं।यदि आंखों में लगातार लालिमा, जलन, या पानी आने की शिकायत हो, तो तत्काल नेत्र विशेषज्ञ से मिलने की सलाह डाक्टर ने दी।

# शेखपुर बुजुर्ग में संतृप्तीकरण चौपाल एवं कुठौंदा बुजुर्ग में जन चौपाल का आयोजन

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सरकार आपके द्वार अभियान के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम शेखपुर बुजुर्ग में संतृप्तीकरण चौपाल एवं कुठौंदा बुजुर्ग में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। कुठौंदा बुजुर्ग में आयोजित जन चौपाल के दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं और उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए। चौपाल में ग्रामीण गजेंद्र सिंह सेंगर, देवेश सेंगर, मयंक सेंगर, अतुल सेंगर, अनुपम, शुभम, रवि राजावत, सागर आदि ने खेल के मैदान के अधूरे निर्माण को पूरा कराने, खेल के मैदान के लिए श्रेणी परिवर्तन कराने की मांग करते हुए शिकायती पत्र दिया। आरोप लगाया कि तीन वर्ष पूर्व 31 जनवरी 2023 को डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई चौपाल में डीएम ने तत्कालीन बीडीओ को श्रेणी परिवर्तन और खेल का मैदान विकसित करने के निर्देश दिए थे। लेकिन अब तक न तो श्रेणी परिवर्तन हुआ है और न ही खेल का मैदान विकसित हुआ है। शेखपुर बुजुर्ग में बीडीओ प्रशांत कुमार ने कहा कि सरकार आपके द्वार अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को उनके गांव में ही योजनाओं की जानकारी और लाभ उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय, मनरेगा, पेंशन, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रता के अनुसार आवेदन करें और सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। एडीओ पंचायत महेंद्र कुमार ने बताया कि गांवों के समग्र विकास के लिए पंचायत स्तर पर कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने स्वच्छता, पेयजल, आवास और रोजगार से जुड़ी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। इस मौके पर गजेंद्र सिंह सेंगर, राहुल, विवेक, पुष्पेंद्र, राजेंद्र, जहार सिंह, माधव, गीता, सुनीता आदि रहे।

# कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय धंतौली में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय धंतौली में वार्षिकोत्सव, पुरस्कार वितरण समारोह एवं स्कूल चलो अभियान रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष विद्यासागर मिश्र ने अभिभावकों से अपील की अपने बच्चों को नियमित एवं निर्धारित गणवेश में विद्यालय भेजें। कक्षा आठ पास कर चुके छात्रों को घर पर न रोकें बल्कि उनका अगली कक्षा में प्रवेश कराएं। ब्लॉक अध्यक्ष लालजी पाठक ने कहा कि छात्रों को उनके अभिभावक स्वयं भी समय दें शाम को उनके साथ कुछ समय बिताएं और उनकी दिन भर की गतिविधियों की जानकारी लें। अतिथियों द्वारा सेवानिवृत शिक्षक आनंद स्वरूप पाराशर को शॉल भेंट कर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। अंत में मेधावियों को शील्ड व प्रमाणपत्र देकर सम्मनित किया गया। साथ ही स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष समाधिया ने किया। इस मौके पर अभिलाष त्रिपाठी, अरविंद श्रीवास्तव, राघवेंद्र सिंह, अमित गुप्ता, एआरपी बलवान पाल, सत्येंद्र मिश्रा, दीपेंद्र, शिव कुमार, आनंद स्वरूप पाराशर, राधा रमन, शैलेंद्र निरंजन, तरुण गुप्ता, राकेश निरंजन आदि रहे।

# चंदन को बजरंग दल नगर की कमान, मुन्ना बने गोरक्षा प्रमुख

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** विश्व हिंदू परिषद ने बजरंग दल नगर इकाई का पुनर्गठन किया है। नगर संयोजक का दायित्व चंदन सोनी को मिला है जबकि मुन्ना गोरक्षा प्रमुख बनाए गए हैं।विश्व हिंदू परिषद की एक बैठक नई बस्ती तिराहा स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर विहिप जिला उपाध्यक्ष साकेत शांडिल्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें अनुषांगिक संगठन बजरंग दल की नगर इकाई का पुनर्गठन किया गया। चंदन सोनी को बजरंग दल के नगर संयोजक की कमान सौंपी गई है, जबकि नगर सह संयोजक अभी सोनी, नगर मिलन केंद्र प्रमुख देवेश, गोरक्षा प्रमुख मुन्ना, सह गोरक्षा प्रमुख सारांश, नगर सह गोरक्षा प्रमुख सत्यम, छात्र संपर्क प्रमुख संकेत, छात्र संपर्क सह प्रमुख कुणाल, नगर सुरक्षा प्रमुख रूपेश तिवारी को बनाया गया है।बैठक में जिला सह संयोजक शिशिर ठाकुर, जिला सहमंत्री श्यामजी शर्मा, विहिप नगर अध्यक्ष संतोष तिवारी, नगर मंत्री सुमित अग्रवाल, नगर उपाध्यक्ष त्रय निर्मल गोस्वामी, प्रभात उदैनिया, महेंद्र चंदेरिया, नगर समरसता प्रमुख विवेक तिवारी, नगर सह मंत्री द्वय शिवम लखेरा, आशीष पटसरिया आदि मौजूद रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला और नारी शक्ति पद यात्रा का आयोजन किया

( यंग भारत न्यूज )



**जालौन-उरई।** सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय में शुक्रवार को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में मानव श्रृंखला और नारी शक्ति पद यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नगर पालिका की अगुवाई में संपन्न हुआ, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

नगर पालिका चेयरपर्सन नेहा पुनीत मित्तल के नेतृत्व में निकली मानव श्रृंखला गूढ़ा न्यामतपुर स्थित महाविद्यालय परिसर से शुरू होकर आसपास के मार्गों तक निकली। इस दौरान छात्राएं हाथों में जागरूकता से जुड़े संदेशों की तख्तियां लेकर खड़ी रहीं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के समर्थन में नारे लगाए। इसके साथ ही नारी शक्ति पद यात्रा के माध्यम से भी लोगों को इस अधिनियम के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लागू होने से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी 33 प्रतिशत तक सुनिश्चित होगी, जिससे महिलाएं नीति निर्धारण और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। उन्होंने कहा कि इससे न केवल महिलाओं को सम्मान मिलेगा, बल्कि समाज में उनकी स्थिति भी और मजबूत होगी। इस अवसर पर छात्राओं को अधिनियम से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गईं और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर नम्रता श्रीवास्तव, अल्शिफा, आरती, काजल, देवांगिनी सिंह, मुस्कान साहू, रिया, नंदनी, सोनम, सुरभि, उजाला देवी आदि रहीं।

# तालाब के सुंदरीकरण के बाद भी भीषण गंदगी, पानी में उठ रही बदबू

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई।** नगर के वार्ड नंबर तीन में बने तालाब का नगर पालिका द्वारा सुंदरीकरण कराया गया है। सुंदरीकरण के बाद भी उसमें कपड़े धोए जा रहे हैं और गंदगी डाली जा रही है, जिससे पानी से बदबू आने लगी है। नगर पालिका द्वारा नगर के तालाबों का जीर्णोद्धार कराया गया है। वार्ड नंबर तीन के मोहल्ला जोशियाना के तालाब की खुदाई के बाद सुंदरीकरण कराया गया है। तालाब के चारों ओर पक्का फुटपाथ बनाया गया है और प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइटें लगाई गई हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए चारों ओर लोहे की ग्रिल लगाई गई है। नगर पालिका द्वारा सुंदरीकरण कराने के बाद मोहल्ले के लोग सुबह शाम यहां टहलने के लिए जाते हैं। गर्मी के मौसम में शाम के समय तालाब किनारे बैठकर लोग समय व्यतीत करते हैं। बगल में ही लाइब्रेरी होने के बाद छात्र छात्राओं का आना जाना व बैठना होता है। ऐसे में तालाब के स्वच्छ पानी में कुछ लोग साबुन आदि से कपड़े धोंते है और कपड़ों को ग्रिल पर सूखने के लिए डाल देते हैं। फुटपाथ पर जानवरों का गोबर डाल देते हैं और कंडा बनाते हैं। इसके साथ ही गंदगी को तालाब में फेक देते हैं जिससे तालाब का साफ पानी गंदा हो गया है और पानी से बदबू आ रही है। जिसके चलते लोग आसपास बैठ नहीं पा रहे हैं। फुटपाथ पर फैली गंदगी के चलते लोग टहल भी नहीं पा रहे हैं। मोहल्ले के लोगों ने तलाब की सफाई कराने और लोगों को गंदगी फैलाने रोकने की मांग की है। इस बाबत ईओ सुशील कुमार ने बताया कि उन्हें जानकारी नहीं है, वह पता करके नियमानुसार कार्यवाही करेगें।

# अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

## विप्र समाज में उत्साह, तैयारियो को अंतिम रूप देने में लगे आयोजक

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** नगर में अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान परशुराम जयंती को लेकर विप्र समाज में व्यापक उत्साह देखने को मिल रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विप्र समाज के तत्वावधान में 19 अप्रैल को विष्णु के छटे अवतार भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह शोभायात्रा सुबह 8 बजे राम कुंड कालोनी से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए ब्राह्मण महासभा परिषद बजरिया पहुंचेगी जहां हवन पूजन एवं भंडारा प्रसाद वितरण के साथ शोभा यात्रा का समापन किया जाएगा।ब्राह्मण महासभा परिषद में पत्रकारों से बात करते हुए ब्राह्मण महासभा के महामंत्री रंजन गोस्वामी ने बताया कि शोभायात्रा का मार्ग राम कुंड कालोनी से शुरू होकर गल्ला मंडी गेट नंबर 2, मारकंडेश्वर चौराहा, एसआरपी इंटर कालेज, रेलवे फाटक, सागर चौकी, चंदकुआं चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, अमरचंद इंटर कालेज, तहसील,बजरिया पावर हाउस, बजरिया वाट स्कूल होते हुए ब्राह्मण महासभा परिषद तक निर्धारित किया गया है। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर जलपान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। भव्य शोभा यात्रा का जगह-जगह स्वागत भी किया जाएगा।इस भव्य शोभायात्रा में बैंड बाजों के साथ, चार सजे-धजे घोड़े आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके अलावा महापुरुषों के स्वरूप और भगवान परशुराम की सुसज्जित प्रतिमा रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण करेंगी, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो जाएगा।

ब्राह्मण महासभा के महामंत्री रंजन गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि शोभायात्रा के समापन के बाद ब्राह्मण महासभा परिषद में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया जाएगा। साथ ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान परशुराम का अभिषेक किया जाएगा। इसके उपरांत भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विप्र समाज के सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। प्रेस वार्ता के दौरान राघवेंद्र तिवारी, भास्कर दुबे, गौरव तिवारी, पुरुषोत्तम दास रिछारिया, विवेक द्विवेदी, हरिश्चंद्र तिवारी, शुभम तिवारी, जयप्रकाश रावत सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।उन्होने बताया शोभायात्रा मार्ग को उत्साहित विप्र समाज के लोगो द्वारा सजाया जा रहा है।मार्ग में जगह-जगह तोरण द्वारा बनाए जाएंगे जिसकी तैयारी बडे पैमाने पर चल रही है।

### यंग भारत की खबर का असर.....

# मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न वाले वाहनों पर होगी विशेष कार्यवाही–एआरटीओ

## अचानक सड़क पर रोने,चिल्लाने, चीखने,दहाड़ने और जानवरों जैसी आवाजे निकलते गाड़ियों के साइलेंसर राहगीरों को डरा देते हैं बुरी तरह

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** सुरेश कुमार वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ने बताया कि जनपद में सभी डीलरों, मोटर गैराज, वर्कशॉप संचालकों एवं सम्बन्धित व्यवसायियों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर सघन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विशेष रुप से बिना अनुमति या मोटर वाहन नियमों के विरुद्ध लगाए जाने वाले मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, तेज आबाज वाले हॉर्न, हूटर, सायरन एवं अन्य अनधिकृत




वाहन संशोधनों के विरुद्ध केन्द्रित है।

सुरेश कुमार वरिष्ठ सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) ने बताया कि ऐसे उपकरणों का लगाना व बेचना मोटर वाहन अधिनियम, 1988 का स्पष्ट उल्लंघन है, जिससे ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है तथा सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी सम्बन्धित पक्षकारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान के दौरान दोषी जाए जाने पर पहली कार्यवाही में रुपया–10,000 तक का जुर्माना वसूला जाएगा। साथ ही अवैध संशोधन युक्त वाहनों को मौके पर ही जब्त किया जाएगा तथा वाहन स्वामी/चालक के विरुद्ध विधिक कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी। चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को 03 माह तक के लिए निलंबित या अयोग्य घोषित किया जा सकता है। पुनरावृत्ति की स्थिति में ड्राइविंग लाइसेंस पूर्णतः निरस्त करने के साथ–साथ वाहन का पंजीकरण प्रमाण–पत्र भी रद्द किया जाएगा। गैराज संचालकों एवम् डीलरों के विरुद्ध भी लाइसेंस निलम्बन सहित कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल, कर्मचारियों को दिया गया व्यवहारिक प्रशिक्षण

### अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत जनजागरूकता अभियान, आपदा से बचाव के उपाय बताए गए

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत जनपद में अग्नि सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मुख्य अग्निशमन अधिकारी अरविंद कुमार के निर्देशन में अग्निशमन विभाग द्वारा उरई स्थित उमिला हॉस्पिटल एवं महिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया गया तथा मौके पर मॉक ड्रिल (आपदा अभ्यास) का आयोजन कर कर्मचारियों को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।कार्यक्रम के दौरान अस्पताल कर्मियों



को अग्निशमन उपकरणों के सही उपयोग की जानकारी दी गई और उन्हें उपकरण चलाने का अभ्यास भी कराया गया। इसके साथ ही विभिन्न अग्निशमन केंद्रों—कालपी, कोंच और जालौन द्वारा संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिससे अधिक से अधिक लोगों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थानों पर आग की घटनाएं अधिक खतरनाक हो सकती हैं, इसलिए वहां विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। इस दौरान कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में त्वरित सूचना देने, धुएं की पहचान, अलार्म सिस्टम की नियमित जांच, ऑक्सीजन व विद्युत आपूर्ति को नियंत्रित करने की प्रक्रिया, तथा सुरक्षित निकास मार्गों को हमेशा खाली रखने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा गैस सिलेंडर के सुरक्षित उपयोग, विद्युत उपकरणों की समय–समय पर जांच, ज्वलनशील पदार्थों के सुरक्षित भंडारण और आपात स्थिति में लिफ्ट का उपयोग न करने जैसी महत्वपूर्ण सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया।अधिकारियों ने कहा कि अग्निशमन सेवा सप्ताह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का महत्वपूर्ण अभियान है। यदि प्रत्येक व्यक्ति बुनियादी सावधानियों का पालन करे, तो आग जैसी आपदाओं से होने वाले नुकसान को काफी हद तक रोका जा सकता है।

# पोषण पखवाड़ा के साथ नारी शक्ति वंदन अभियान की गूंज, आंगनबाड़ी केंद्र लहरियापूर्वा में महिलाओं को किया गया जागरूक

### पोषण, स्वास्थ्य और अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** आंगनबाड़ी केंद्र लहरियापूर्वा व सुशील नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ विमलेश आर्य ने पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत महिलाओं को संतुलित आहार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण से बचाव



के प्रति विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों के लिए उचित पोषण अत्यंत आवश्यक है, जिससे स्वस्थ समाज की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर उन्होंने नारी शक्ति वंदन अभियान/विधेयक के बारे में भी महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि महिलाओं को अब समाज और देश के निर्णय लेने की प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी मिल रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वे अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता, टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य जांच और पोषण युक्त आहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं का लाभ लेकर वे अपने और अपने बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने जागरूकता संदेश को आत्मसात करते हुए स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# जनपद के नए एसपी और एएसपी के आते ही बदमाशों के खिलाफ पुलिस में आ गए उग्र तेवर

- उरई पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मुठभेड़ में 3 अंतर्राज्यीय चोरों को लंगड़ा करके पुलिस ने दबोचा
- पुलिस से सामना होते ही बदमाश चलाने लगे थे गोलियां



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** कोतवाली पुलिस और स्वाट/सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में बड़ी सफलता हाथ लगी है। चोरी की वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे तीन अंतर्राज्यीय अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया।तीनों बदमाशों को उपचार के लिए तुरंत मेडिकल कॉलेज उरई में भर्ती कराया गया है।

पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि मेडिकल कॉलेज के पीछे जंगल क्षेत्र में कुछ संदिग्ध व्यक्ति छिपे हुए हैं। इस सूचना पर कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस, स्वाट और सर्विलांस टीम ने संयुक्त घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान बदमाशों ने पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें तीनों बदमाशों के पैर में गोली लगी और उन्हें मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

बरामदगी–गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने: अवैध असलहा (रिवॉल्वर) भारी मात्रा में जिंदा व खोखा कारतूस 60,000 नगद सोने–चांदी के जेवरात चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार

बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, बरामद रिवॉल्वर आजमगढ़ मेडिकल कॉलेज से चोरी की गई थी।

गिरफ्तार अभियुक्त

पकड़े गए तीनों आरोपी मध्य प्रदेश के धार और अलीराजपुर क्षेत्र के रहने वाले हैं: भारत भील पुत्र रमेश

अनिल भील पुत्र भवन सिंह

दिनेश भील पुत्र ज्योति सिंह

**कई राज्यों में फैला नेटवर्क**

पूछताछ में सामने आया कि यह गिरोह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बिहार के विभिन्न शहरों—जैसे आजमगढ़ और पटना—में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम दे चुका है। ये बदमाश दिन में सरकारी संस्थानों और आवासीय परिसरों की रेकी करते थे और रात में सूने घरों को निशाना बनाकर दीवार तोड़कर चोरी करते थे। मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज और अन्य सरकारी परिसरों को ये खास तौर पर टारगेट करते थे।

**आगे की जांच जारी**

एसपी ने बताया कि अभी अभियुक्त घायल हैं, इसलिए विस्तृत पूछताछ में कुछ समय लगेगा। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और जल्द ही और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह बड़े नेटवर्क का हिस्सा है, जिसने कई राज्यों में संगठित तरीके से चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है।

# 'नारायणी स्वरूप' के संकल्प के साथ नारी शक्ति वंदन सम्मेलन, सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ा जनपद

### महिला सशक्तिकरण का ऐतिहासिक कदमः 33% आरक्षण से नीति निर्धारण में बढ़ेगी भागीदारी

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** कलेक्ट्रेट स्थित वन स्टॉप सेंटर में आज आयोजित नारी शक्ति वंदन अभियान में महिलाओं के उत्साह और सहभागिता से एक सशक्त संदेश देने वाला आयोजन बन गया। तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत आयोजित इस



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर न केवल अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखाई, बल्कि आत्मनिर्भर बनने का दृढ़ संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने महिला सशक्तिकरण को केवल एक विचार नहीं, बल्कि व्यवहारिक परिवर्तन का माध्यम बताते हुए महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार जनपद में 'नारी शक्ति वंदन अभियान' को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों, स्कूल–कॉलेजों और वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबन, स्वाभिमान और उनके अधिकारों के प्रति निरंतर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र महिला तक पहुंचाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने नारी शक्ति बंदनअभियान विधेयक के बारे में बताया कि देश की नारी शक्ति को नीति निर्धारण की मुख्यधारा में सशक्त भागीदारी देने की दिशा में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा की गई पहल वास्तव में ऐतिहासिक है। यह केवल एक विधायी कदम नहीं, बल्कि भारत के लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संतुलित और संवेदनशील बनाने की दिशा में उठाया गया एक निर्णायक प्रयास है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जिससे महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी और अधिक सशक्त होगी। भारत की महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल, कृषि और उद्यमिता जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा सिद्ध कर चुकी हैं, अब समय है कि नीति निर्माण में भी उनकी समान और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित हो। यह अधिनियम इसी दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा, जो महिलाओं के दृष्टिकोण को राष्ट्रीय विकास की धारा में मजबूती से स्थापित करेगा।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नारी शक्ति उपस्थित रही।

# भाजपा ने निकाली नारी शक्ति वंदन अधिनियम अभियान के तहत पदयात्रा

( यंग भारत न्यूज )




**उरई ( जालौन )।** भारतीय जनता पार्टी ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' अभियान के तहत पदयात्रा एस आर इंटर कॉलेज से निकाली गई किसकी मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित रही उन्होंने बताया कि ये यात्रा एस आर इंटर कॉलेज से डीवीसी डिग्री कॉलेज से होकर इलाहाबाद बैंक से होते हुए एस आर इंटर कॉलेज पर ही यात्रा का समापन हुआ यह पदयात्रा महिला सशक्तिकरण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'नारी शक्ति' के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम है नारी शक्ति बंधन अधिनियम देश के लिए एक ऐतिहासिक कदम है जिसके माध्यम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण सुनिश्चित किया गया है उन्होंने कहा इसका उद्देश्य महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में भागीदारी बनान है सशक्त नारी सशक्त भारत अभियान का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में बराबरी का अधिकार दिलाना है इसका उद्देश्य यह भी है की नीति निर्माण में महिलाओं की आवाज मजबूत हो और वह समाज के विकास में अधिक सक्रिय भूमिका निभा सकें इस अवसर पर उरई सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन संजीव उपाध्याय मीनू मिश्रा प्रीति बंसल मंजू रानी अनीता सोलंकी शसी सोमेंद्र सिंह रंजना अग्रवाल गरिमा पाठक विवेक कुशवाहा पुष्पेंद्र सेगर नीरज दुबे संजय त्रिपाठी सूर्यनायक अमीय त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे

# न्यायिक अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आज अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शाम्भवी–। जिला कारागार उरई का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न बैरकों का भ्रमण किया और वहां निरूद्ध बन्दियों से पूछ–तांछ करते हुये उनकी समस्यों को जाना समझा तथा जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस मौके पर जेल प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद रहे।



निरीक्षण में अपर जिला जज प्रथम ने बन्दियों के मुकदमों की पैरवी, उनको दी जाने वाली विधिक सहायता/सलाह और महिला बन्दी व उनके साथ रह रहे बच्चों की चिकित्सा व खान–पान इत्यादि के बारे में जाना–परखा। उन्होंने कई बन्दियों से अलग–अलग जानकारी ली एवं जेल प्रशासन को निर्देशित किया कि कोई भी ऐसा बन्दी जिसका निजी अधिवक्ता न हो अथवा विधिवत् ढंग से न्यायालयों में पैरवी न हो पा रही हो, को विधिक सहायता दिलाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। यदि किसी विचाराधीन बन्दी को पैरवी हेतु सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो सम्बन्धित न्यायालय में बन्दी की ओर से प्रार्थनापत्र दिलवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि एमाइकस क्यूरी (न्यायमित्र) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इसीप्रकार जो बन्दी दोषसिद्ध हो चुके हैं, की अपील न हो पाने की स्थिति में नियमानुसार जेल अपील करायी जाये। इसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से आवश्यक समन्वय बनाकर ऐसे प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में निस्तारण किया जाये ताकि अपील की मियाद समाप्त न होने पाये। जेल अपील कराये जाने में यदि कोई विधिक समस्या आ रही है तो उसको सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संज्ञान में लाते हुये द्वारा उचित माध्यम माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति से यथा आवश्यक पत्राचार किया जाये। जिला कारागार में स्थित चिकित्सालय का निरीक्षण करते समय दवाओं की जाँच की गयी, जिसमें सभी दवायें ठीक पायी गयी। अपर जिला जज प्रथम के द्वारा जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि जिन विचाराधीन बन्दियों की जमानत सक्षम न्यायालय से हो चुकी हैं एवं जमानतगीर के अभाव में जेल में रिहा नहीं हो पा रहे हैं, ऐसे बन्दियों की सूची कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अविलम्ब उपलब्ध कराये जिससे कि उनकी रिहाई सम्भव हो सके। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव, कारापाल प्रदीप कुमार, जेल चिकित्सक डॉ. राहुल बर्मन, उप कारापाल अमर सिंह व रामलखन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जालौन के लिपिक श्री शुभम् शुक्ला उपस्थित रहे।

# जनसंघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह 19 अप्रैल को

### रघुवीर धाम झांसी रोड़ उरई में मनाया जायेगा कार्यक्रम

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जनसंघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में डा. भीमराव अंबेडकर जयंती सप्ताह 19 अप्रैल को रघुवीर धाम झांसी रोड़ उरई में मनाया जायेगा।



उक्त बात की जानकारी देते हुए जनसंघर्ष मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक गुप्ता महावली ने बताया कि बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती सप्ताह के उपलक्ष्य में 19 अप्रैल को बैचारिक समागम का महा आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डा. रविकांत चंदन प्रोफेसर लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ, वरिष्ठ विचारक पत्रकार के. पी. सिंह, नीरज पटेल संपादक नेशनल जनमत लखनऊ, प्रताप राजपूत विचारक किसान नेता मौजूद रहेंगे। उन्होंने ने डा.भीमराव अम्बेडकर जयंती पर गणमान्य एवं बुद्धजीवी लोगों को कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जनपद में व्यापक जागरूकता अभियान के निर्देश

## आंगनबाड़ी से लेकर जनपद स्तर तक संगोष्ठी, रैली, प्रतियोगिताएं और कार्यशालाएं होंगी आयोजित

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त शासनादेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए नारी शक्ति वंदन अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।



जिलाधिकारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं की निर्णय प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाना, उनकी भूमिका को सशक्त करना तथा समाज में लैंगिक समानता स्थापित करना है। इसे केवल औपचारिक कार्यक्रमों तक सीमित न रखकर जन-जन तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में 16 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विभिन्न विभागों के माध्यम से चरणबद्ध तरीके से कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। आंगनबाड़ी स्तर पर मानव श्रृंखला, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, लोकगीत, लोकनृत्य एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान से जुड़ी गतिविधियों को भी इसमें समाहित किया जाए, साथ ही पोस्टर, स्लोगन एवं रंगोली प्रतियोगिताओं के माध्यम से अधिनियम के उद्देश्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। जिलाधिकारी ने महिला कल्याण विभाग को निर्देश दिए कि 17 से 19 अप्रैल तक जनपद स्तर पर कार्यशालाएं, वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिनियम के प्रति जागरूक किया जाए। जिससे अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी कार्यक्रमों का विधिवत दस्तावेजीकरण किया जाए तथा प्रत्येक गतिविधि की रिपोर्ट समयबद्ध रूप से शासन को प्रेषित की जाए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान महिलाओं के सम्मान, स्वाभिमान और अधिकारों को सशक्त करने का महत्वपूर्ण अवसर है, इसलिए सभी विभाग समन्वय स्थापित कर इसे जनांदोलन के रूप में संचालित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बीरेंद्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी अवनीश सिंह, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# महिलाओं द्वारा 20 अप्रैल को यमुना तट पर होगा चुनरी कार्यक्रम

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 17 अप्रैल।** शुक्रवार के दिन टरननगंज निवासिनी किरण गुप्ता पत्नी अखिलेश गुप्ता उर्फ लाला ने अवगत कराया कि 20 अप्रैल वर्ष 2026 अक्ती पर्व दिन सोमवार समय 4 बजे पीला घाट यमुना तट पर यमुना मइया को चुनरी पहनने का कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे उन्होंने नगर एवं क्षेत्र की महिलाओं से अपील कि है कि ऐसे पुनीत कार्य पर्व पर सर्वाधिक संख्या मे सम्मिलित होकर होने वाले चुनरी कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाकर यमुना मइया का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# समस्त स्वास्थ्य प्रभारी टीमों को लगाकर 20 अप्रैल से टीकाकरण अभियान चला कर कोई भी बच्चा टीका से वंचित न रहे-मनोज कुमार

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 17 अप्रैल।** उप जिलाधिकारी ने तहसील के स्वास्थ्य प्रभारी की बैठक लेकर टीडी टीकाकरण विद्यालयों में सोमवार के दिन अभियान चलाकर सत प्रतिशत छात्र-छात्राओं को टीका लगाने के निर्देश दिए।

शुक्रवार के दिन तहसील कालपी कार्यालय में उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने टीकाकरण के उपलक्ष पर बैठक लेते हुए मौजूद प्रभारी से कहां कि 20 अप्रैल से टीकाकरण अभियान जोरो पर चलाएं ताकि कोई भी छात्र-छात्राएं टीका से वंचित न रहे साथ में उन्होंने जिन किशोरियों की जन्म 14 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं वह 15 वर्ष से पहले की किशोरियां संबंधित अस्पताल में पहुंचकर एचपीबी टीकाकरण लगवाएं जिससे सर्वाइकल कैंसर बीमारी से बचा जा सके उन्होंने कहा कि अभियान को सत प्रतिशत सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य टीम अलग-अलग बनाये तथा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को भी टीम में सम्मिलित कर टीकाकरण लगाने के लिए जिम्मेदारी सौंप कर अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाने का आवाहन किया साथ में उन्होंने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि इस अभियान में निरीक्षण के द्वारा यदि कोई भी कमियां पाई जाएगी तो जिम्मेदार की खैर नहीं होगी डॉ दिनेश बर्दिया डॉ दर्शन डॉक्टर दूरबार डॉ अजय आदि लोग मौजूद थे।

# स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की परेशानी को दूर करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है- धर्मेंद्र सिंह

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी जालौन 17 अप्रैल।** विद्युत उपखंड कार्यालय में सहायक अभियंता की देखरेख में शुक्रवार के दिन स्मार्ट मीटर की आ रही समस्याओं पर शिविर आयोजित किया गया जिसमें मात्रा 22 उपभोक्ताओं ने अपनी अपनी शिकायत दर्ज कराई शिविर में लगी हुई विद्युत टीमों ने उपभोक्ताओं की शिकायत को ठीक कर संतुष्ट किया एसडीओ ने मौजूद उपभोक्ताओं से कहा कि कोई भी समस्या विद्युत से संबंधित हो टोल फ्री नंबर तथा अपने मोबाइल एप पर शिकायत दर्ज करें समस्या का समाधान तत्काल होगा अवर अभियंता सत्य प्रकाश गौतम ने मौजूद उपभोक्ताओं को समझाते हुए कहा कि विद्युत की प्रीपेड व्यवस्था कंपनी के द्वारा संचालित की जाती है बैलेंस खत्म होने पर आपूर्ति कट जाती है इसलिए सभी उपभोक्ता अपना-अपना बैलेंस बनाए रखें जिससे आपूर्ति बराबर सुनिश्चित मिलती रहे बैठक में मौजूद अवर अभियंता महेवा नवीन सचान सहायक अवर अभियंता अभिषेक कुमार टीजी विनोद कुमार विमल दिलीप कुमार अखिलेश शुक्ला रिंकू पोरवाल फैमीद सुनील कुमार धीरज आदि लोग शिविर में जिम्मेदारी लेकर आने वाले उपभोक्ताओं की समस्या का तत्काल निस्तारण कर रहे थे।



# अवैध मौरंग परिवहन के ड्राइवरों को छापा मार दल की मुखबिरी करने वाले 5 व्यक्ति गिरफ्तार

### - आटा पुलिस व एआरटीओ टीम की संयुक्त कार्रवाई, वाहन व मोबाइल बरामद

( यंग भारत न्यूज )



**आटा,जालौन।** आटा-इटौरा मार्ग पर रात होते ही ओवरलोड ट्रकों की गरजना के बीच चल रहे लोकेशन माफिया के खेल पर आखिरकार पुलिस ने शिकंजा कसते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है, यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में अपराध व अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना आटा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह और सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल के अधिकारी राजेश कुमार,खान निरीक्षक कुलदीप कुमार राम की संयुक्त टीम द्वारा की गई।

पुलिस ने सभी आरोपियों को आटा-इटौरा मार्ग पर पिपराया के पास से उस समय दबोचा जब ये संदिग्ध अवस्था में खड़े होकर किसी गतिविधि को अंजाम देने की फिराक में थे, जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य लोकेशन माफिया के रूप में काम करते हुए ओवरलोड ट्रकों को चेकिंग से बचाने के लिए अधिकारियो के मूवमेंट की सटीक सूचना और सुरक्षित रास्तों की जानकारी देते थे, जिससे हर रात इस मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही बेखौफ जारी रहती थी, गिरफ्तार आरोपियों में कामरान पुत्र अब्दुल जलील, अफजल पुत्र अब्दुल जलील निवासी उरदनपुरा कालपी, सरफराज उर्फ मुन्ना पुत्र मोहम्मद लुकमान निवासी नई बस्ती कालपी के साथ वाहन चालक प्रमोद कुमार पुत्र राम स्वरूप निवासी महाराजपुर जनपद कानपुर देहात और मनोज कुमार पुत्र बबलू सिंह निवासी रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात शामिल हैं, पुलिस ने इनके कब्जे से 3 मोरंग से भरे ओवरलोड ट्रक, 1 मोटरसाइकिल और 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश कर दिया है, इस कार्रवाई के बाद जहां अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है ।

# परशुराम जयंती पर अवकाश घोषित किये जाने की मांग उठाई रामेंद्र त्रिपाठी ने

### राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जिलाधिकारी

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** आगामी भगवान परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य शहजादपुरा रामेन्द्र त्रिपाठी उमरगांव के नेतृत्व में दीपू त्रिपाठी, अरविंद त्रिपाठी, सिंटू महाराज, राजा भैया, श्रृषिदेव जी महाराज, लालू महाराज, श्यामू महाराज, विजय महाराज, अंशुमान दीक्षित, रमाशंकर चतुर्वेदी, गोपाल महाराज बिहारी, शुभम त्रिपाठी, सतिज कुशवाहा, निशांत पटेल, मृदुल दीक्षित आदि ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को भेंट करते हुए बताया कि भगवान परशुराम जी भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के महान प्रतीक है उनके जन्मोत्सव परशुराम जयंती को प्रदेश में ब्यापक रुप से श्रृद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाता है। बताया कि पूर्व में मुलायम सिंह यादव एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार द्वारा परशुराम जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किया गया था जिससे समाज में सम्मान एवं समरसता का भाव बढ़ा था। उन्होंने मांग की है कि भगवान परशुराम जयंती पर पुनः अवकाश घोषित किया जाये, प्रदेश में कहीं भी परशुराम जयंती के आयोजन पर प्रशासन द्वारा अनावश्यक रोक-टोक न की जाये साथ ही सुनिश्चित किया जाये कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं विवाद रहित हों।

# राजेश कुमार पाण्डेय, जिलाधिकारी के निर्देशन में परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रदेश में हासिल किया द्वितीय एवं तृतीय स्थान

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026 तक) जुर्माने के रुप में निर्धारित क्रमिक लक्ष्य रु0 432.00 लाख के सापेक्ष रु0 491.32 लाख जुर्माने के रुप में धनराशि वसूल की गई है, इस तरह प्रदेश में सबसे अधिक जुर्माना वसूल करने वाले अधिकारी बने हैं। राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन-।) प्रतिशत के रुप में क्रमिक लक्ष्य में प्रदेश में द्वितीय स्थान है। माह मार्च 2026 में निर्धारित मासिक लक्ष्य रु0 36.00 लाख के सापेक्ष रु0 54.32 लाख की वसूली की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 150.89 प्रतिशत है। इस तरह राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल द्वारा मासिक व क्रमिक लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे प्रदेश में द्वितीय स्थान हासिल किया गया है। साथ ही राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा लोकेशन माफियाओं के विरुद्ध एफ0आई0आर0 दर्ज कराते हुए उनको जेल भिजवाया गया, जिससे ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध युद्धस्तर पर कार्यवाही की जा सकी।

इसी प्रकार सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026 तक) जुर्माने के रुप में निर्धारित क्रमिक लक्ष्य रु0 432.00 लाख के सापेक्ष रु0 467.44 लाख जुर्माने के रुप में धनराशि वसूल की गई है, इस तरह प्रदेश में सबसे अधिक जुर्माना वसूल करने वाले अधिकारी बने हैं। सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) प्रतिशत के रुप में क्रमिक लक्ष्य में प्रदेश में तृतीय स्थान है। माह मार्च 2026 में निर्धारित मासिक लक्ष्य रु0 36.00 लाख के सापेक्ष रु0 46.38 लाख की वसूली की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 128.84 प्रतिशत है। इस तरह सुरेश कुमार, वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) द्वारा क्रमिक लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे प्रदेश में तृतीय स्थान हासिल किया गया है। इसी प्रकार विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026 तक) जुर्माने के रुप में निर्धारित क्रमिक लक्ष्य रु0 360.00 लाख के सापेक्ष रु0 363.97 लाख जुर्माने के रुप में धनराशि वसूल की गई है। विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर/मालकर अधिकारी प्रतिशत के रुप में क्रमिक लक्ष्य में प्रदेश में दसवाँ स्थान है। माह मार्च 2026 में निर्धारित मासिक लक्ष्य रु0 30.00 लाख के सापेक्ष रु0 30.32 लाख की वसूली की गई है, जो निर्धारित लक्ष्य का 101.07 प्रतिशत है। इस तरह विनय कुमार पाण्डेय, यात्रीकर, मालकर अधिकारी क्रमिक लक्ष्य की प्राप्ति में पूरे प्रदेश में दसवाँ स्थान हासिल किया गया है।

# मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक जालौन ने कुठौंद भाजपा महिला मोर्चा मण्डल पूजा शुक्ला को सम्मानित किया

( यंग भारत न्यूज )



**कुठौंद जालौन,** आज उरई पुलिस लाइन सभागार में जिला पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह कॉन्फ्रेंसिंग मीटिंग में उत्तर प्रदेश सरकार 'सेवा सुरक्षा और सुशासन' की नीति के सफलतम वर्ष नारी सम्मान व सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम और सरकार द्वारा चलाए जा रहे महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में जानकारी देते हुए समाजसेवियों को अपने अपने क्षेत्र में बहिन बेटियों को महिला सुरक्षा की जानकारी देने के लिए कहा गया कार्यक्रम में हर थाना क्षेत्र के समाजसेवी, विद्यालय के प्रधानाचार्य, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उपस्थित रहें

# अंबेडकर सम्मान कार्यक्रम में भाजपा पार्टी ने मौजूद कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

( यंग भारत न्यूज )



**कालपी जालौन 17 अप्रैल।** मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष ने तहसील के समस्त कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित कर अंबेडकर सम्मान में कई बिंदुओं में प्रकाश डालकर जानकारी देकर जागरूक किया गया।

शुक्रवार के दिन जोल्हूपुर मोड़ स्थित नारायण गेस्ट हाउस में आयोजित सम्मेलन एवं कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे कृष्ण कुमार सचान ने तहसील भर के आए हुए भाजपा पार्टी के जिम्मेदार तथा मिशनरी कार्यकर्ता को अंबेडकर सम्मान में बिंदुवार प्रकाश डालकर मौजूद लोगों को जागरूक किया भाजपा जिला अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने जिस क्षमता मूलक और विकसित भारत की न्यू रखी है जहां गरीब वंचित और पिछड़े वर्गों को सम्मान अवसर मिले इस संकल्प को आज हमारे यशवी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं भाजपा की डबल इंजन की सरकार इसी सोच के साथ हर वर्ग के विकास लिए कार्य कर रही है भाजपा नेता शंभू दयाल ने अपने विचार प्रकट किया सम्मेलन का संचालन जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा ने किया मुख्य अतिथि एवं जिला अध्यक्ष ने पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित व्यक्तियों को सम्मानित किया बैठक में मौजूद क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश बाजपेई प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय त्रिपाठी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लकी त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे जिला महामंत्री पुष्पेंद्र सेगर जिला मंत्री रिशाल सिंह नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी कदौरा मंडल अध्यक्ष हेमंत साहू कुठौद मंडल रुद्र प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य रामू द्विवेदी संजय सविता धर्मेंद्र पाल अश्वनी तिवारी राजन सिंह आकाश द्विवेदी विनोद खत्री मंटू बिश्नोई अवनीश बाजपेई आदि लोग मौजूद थे।

# समस्त चौकी एवं हल्का प्रभारी दी गई जिम्मेदारी पर खरे उतरे-अजय ब्रह्म तिवारी

( यंग भारत न्यूज )




**कालपी जालौन 17 अप्रैल।** कोतवाली में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा की बैठक सकुशल तरीके से संपादित होने की दृष्टि पर प्रभारी निरीक्षक ने समस्त चौकी एवं हल्का प्रभारिओ जमकर पेच कसते हुए जिन लोगों के पास लंबित विवेचना तथा लंबित प्रार्थना पत्र यदि पड़े हैं अधिकारी के आने के पूर्व कार्यों को सत प्रतिशत निस्तारण करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार के दिन कोतवाली कालपी कार्यालय में आयोजित बैठक में प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने कहा कि अधिकारी के अपराध समीक्षा लेने पर किसी भी चौकी एवं हल्का प्रभारियो की कमी पाई गई ऐसे लोगों को बर्दाश्त नहीं करूंगा लंबित विवेचना मात्र 20 पाई गई तो मौजूद जिम्मेदार लोगों को तत्काल निस्तारण कर वांछित अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल के सलाखों के पीछे भेजने के कड़े निर्देश दिए साथ में उन्होंने लंबित विवेचना पाए जाने पर चौकी एवं हल्का इंचार्ज उप निरीक्षकों को उत्साहवर्धन कर हौसला अभजाई किया साथ में उन्होंने मौजूद लोगों से कहा कि जिनके पास आइजीआरएस एवं तहसील तथा थाना दिवस से संबंधित एवं अधिकारियों के द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र जो लंबित है ऐसी प्रार्थना पत्रों को तत्काल निष्तारण करने के निर्देश दिए साथ में उन्होंने कहा कि अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण सील रहे जिससे कोई अपराध न घट सके तथा सदैव अमन शांति बनाए रखने पर बराबर अग्रसर रहें उन्होंने कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि जिनके क्षेत्र में अपराध घटित हुआ तो जिम्मेदार बक्से नहीं जाएंगे बैठक में अतिरिक्त इंस्पेक्टर अवनीश कुमार एस एस आई उदय प्रताप सिंह महमूदपुरा चौकी प्रभारी जितेंद्र सिंह चंदेल टरननगंज चौकी प्रभारी सुरेश चंद्र रामगंज चौकी प्रभारी विशाल भड़ाना ज्ञान भारती छौक चौकी प्रभारी विपिन यादव उप निरीक्षक बृजनंदन यादव उप निरीक्षक जगन्नाथ सिंह उप निरीक्षक पुत्तू लाल उप निरीक्षक उपेंद्र शुक्ला उप निरीक्षक दयाशंकर यादव उप निरीक्षक देवेंद्र सिंह भदोरिया दीवान लक्ष्मीकांत त्रिपाठी कंप्यूटर ऑपरेटर शैलेंद्र सिंह कंप्यूटर ऑपरेटर दीपेंद्र मिश्रा कंप्यूटर माहिर अंकित वर्मा मुंशी महिला सिपाही विनीता सरिता आदि लोग मौजूद थे।

# योगी कैबिनेट में महा-बदलाव! दिल्ली में आधी रात को तय हुए नाम

## इन 6 चेहरों की खुलेगी लॉटरी



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की सियासत में इस वक्त जबरदस्त उबाल है। लखनऊ की गलियों से लेकर दिल्ली के सत्ता गलियारों तक हलचल इतनी तेज है कि किसी भी पल योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार का आधिकारिक ऐलान हो सकता है।

गुरुवार की आधी रात को जब पूरी दिल्ली चैन की नींद सो रही थी, तब भाजपा के आलाकमान यूपी के मंत्रियों के 'रिपोर्ट कार्ड' को खंगालने में जुटे थे। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष के साथ यूपी बीजेपी अध्यक्ष पंकज चौधरी और महामंत्री धर्मपाल सिंह की इस मैराथन बैठक ने साफ संकेत दे दिए हैं कि अब यूपी में बड़े बदलाव की पटकथा पूरी तरह लिखी जा चुकी है।

### विनोद तावड़े की 'सीक्रेट रिपोर्ट' ने बढ़ाई मंत्रियों की धड़कन

इस पूरे सियासी ड्रामे की शुरुआत 12 और 13 अप्रैल को लखनऊ में ही हो गई थी। दरअसल, बीजेपी के केंद्रीय दूत विनोद तावड़े ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और दोनों डिप्टी सीएम के साथ बंद कमरे में घंटों मंथन किया था। तावड़े ने मंत्रियों के कामकाज से लेकर संगठन के जमीनी फीडबैक तक की एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है। अब दिल्ली में हुई इस हाई-लेवल मीटिंग में उसी 'सीक्रेट रिपोर्ट' पर अंतिम मुहर लगा दी गई है। पार्टी आलाकमान इस बार कोई रिस्क नहीं लेना चाहता, इसलिए हर नाम को तराजू पर तौला जा रहा है।

### 2027 के लिए 'सोशल इंजीनियरिंग' का नया मास्टरप्लान

भाजपा का पूरा फोकस अब 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत की 'हैट्रिक' लगाने पर है। इसके लिए पार्टी उन जातियों और वर्गों को दोबारा अपने पाले में लाने की कोशिश कर रही है, जहां थोड़ा भी बिखराव दिखा है। सूत्रों के मुताबिक, कुर्मी, पासी, शाक्य और मौर्य समाज की नाराजगी दूर करना पार्टी की पहली प्राथमिकता है। इन वर्गों के बड़े चेहरों को न सिर्फ कैबिनेट में जगह मिल सकती है, बल्कि संगठन में भी अहम रोल दिया जा सकता है। साथ ही, ब्राह्मण समाज के बीच कथित असंतोष को खत्म करने के लिए सवर्ण चेहरों को भी नई जिम्मेदारी देने पर मंथन हुआ है।

### 6 नए चेहरों की एंट्री, कई 'दिग्गजों' की होगी विदाई

संवैधानिक नियमों के हिसाब से यूपी सरकार में फिलहाल 6 मंत्रियों की जगह खाली है। लेकिन खबर सिर्फ इन सीटों को भरने की नहीं है, बल्कि चर्चा है कि खराब प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों की कुर्सी छिन सकती है। जिन मंत्रियों का रिपोर्ट कार्ड उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा, उन्हें पद से मुक्त कर संगठन के काम में लगाया जा सकता है और उनकी जगह नए और ऊर्जावान चेहरों को मौका मिलेगा। इसके अलावा, विभिन्न आयोगों और निगमों में खाली पड़े पदों पर भी उन कार्यकर्ताओं को तैनात किया जाएगा जो लंबे समय से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। दिल्ली की इस बड़ी बैठक के बाद माना जा रहा है कि अगले 15 दिनों के भीतर योगी सरकार का नया और बदला हुआ कलेवर सबके सामने होगा। अब सबकी निगाहें लखनऊ पर टिकी हैं कि शपथ ग्रहण की तारीख का ऐलान कब होता है।

# इंसानियत या हैवानियत? एक रसगुल्ले के लिए मासूम को जलते तंदूर में झोंका

## रूह कंपा देगी बस्ती की ये वारदात




बस्ती जिले के छावनी थाना क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान 11 वर्षीय एक बच्चे को रसगुल्ला खाने पर जलते तंदूर में फेंक दिया गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। पुलिस ने शुक्रवार को घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस के अनुसार बुरी तरह झुलसे बच्चे को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह घटना 15 अप्रैल की रात एक शादी समारोह में हुई। पुलिस ने पीड़ित के मामा देवीदीन निषाद की तहरीर पर गुरुवार को अज्ञात आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएसएस) की धारा 109(1) (हत्या के प्रयास) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। आरोपी फरार है और उसकी तलाश की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, गोंडा जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर गांव का रहने वाला 11 वर्षीय चमन उर्फ अमर बस्ती के बाघानाला स्थित ननिहाल में रह रहा था। वह अपनी नानी के साथ मलौली गोसाई में एक रिश्तेदार की शादी में आया था। आरोप है कि भोजन स्थल पर बार-बार रसगुल्ला निकालने से नाराज कैटरिंग ठेकेदार ने पहले बच्चे को डराया और फिर उठाकर जलते तंदूर पर बिठा दिया। इसी दौरान बच्चा अनियंत्रित होकर तंदूर के भीतर गिर गया। चीख सुनकर परिजनों ने उसे बाहर निकाला, लेकिन तब तक वह चेहरे से कमर तक बुरी तरह झुलस चुका था। परिजन उसे पहले अयोध्या मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हरैया की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) स्वर्णिमा सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। उन्होंने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और जल्द गिरफ्तारी होगी। सीओ ने बताया कि बच्चे को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है और फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।

# पत्नी की मौत के बाद सतपाल को हुआ समधन शीला से इश्क और बने अवैध संबंध...

## इसके आगे की कहानी हिलाकर रख देगी

( यंग भारत न्यूज )

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में पुलिस ने एक ब्लाइंड मर्डर केस का चौंकाने वाला खुलासा किया है. भिरावटी गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान नरेश की हत्या हुई थी. इस हत्या का आरोप नरेश की पत्नी शीला ने अपने चचेरे देवर पर लगाया था.

लेकिन जैसे जैसे पुलिस ने इस केस को सुलझाने की कोशिश की वैसे-वैसे शक की सुइंया नरेश की पत्नी की ओर जाने लगीं. आखिरकार इस केस का खुलासा करते हुए पुलिस ने ये साफ कर दिया है कि नरेश की हत्या किसी और ने नहीं उनकी पत्नी शीला ने की. लेकिन शीला ने ऐसा क्यों किया इसके पीछे की वजह जानकर आप चौंक जाएंगे. शीला का उसका समधी सतपाल के साथ अफेयर था जिसकी खबर नरेश को लग चुकी थी. इसी वजह से दोनों ने मिलकर खेत में ही नरेश की गला दबाकर हत्या कर दी.



### क्या है पूरा मामला

ये पूरा मामला संभल के धनारी थाना इलाके के भिरावटी गांव की है. बुधवार सुबह 40 साल के किसान नरेश का शव लहूलुहान हालत में खेत पर मिला था.शुरुआत में इसे एक सामान्य हत्या मानकर जांच शुरू की गई जिसमें मृतक की पत्नी शीला ने अपने चचेरे देवर पर शक जाहिर किया था. हालांकि फॉरेंसिक टीम और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले का रुख मोड़ दिया. रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि नरेश की मौत गला दबाने की वजह से हुई थी.

### पत्नी शीला के थे समधी संग संबंध

एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में क्राइम ब्रांच और धनारी पुलिस ने जब गांव वालों से बातचीत की तो नरेश की पत्नी शीला और उसके समधी सतपाल के बीच चल रहे अवैध संबंधों की बात सामने आई. पुलिस के अनुसार आरोपी सतपाल की पत्नी की मौत के बाद उसके शीला से संबंध गहरे हो गए थे. जब नरेश को इस सीक्रेट रिश्ते की भनक लगी तो वह दोनों के बीच कांटा बनने लगा. इसी कांटे को निकालने के लिए शीला और सतपाल ने नरेश की जान लेने का फैसला किया.

### देर रात खेत में जाकर दोनों ने की नरेश की हत्या

वारदात वाली रात नरेश जब खेत पर फसल की रखवाली कर रहा था तभी शीला और सतपाल ने वहां पहुंचकर उसका गला घोंट दिया. हत्या को किसी रंजिश का रूप देने के लिए शीला ने गांव में शोर मचाया और चचेरे देवर को फंसाने की कोशिश की. पुलिस की सख्ती के आगे शीला ज्यादा देर टिक नहीं सकी और उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया.

### SP केके बिश्नोई ने क्या बताया

एसपी संभल, केके बिश्नोई ने बताया कि 'नरेश की हत्या की गुत्थी सुलझा ली गई है.पत्नी शीला और उसके समधी सतपाल के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे.पति के विरोध करने पर दोनों ने मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया. दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.'

# 1 नहीं 2 नहीं पुरे 64 लोगों की दरिंदगी की शिकार हुई इस लड़की ने सुनाई अपनी दर्दभरी दास्ताँ पूरे क्षेत्र में मच गई सनसनी

( यंग भारत न्यूज )

एक लड़की से की गई हैवानियत का खुलासा हुआ है। उसके साथ 64 लोगों ने दुष्कर्म किया, जिसमें से 15 लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की है। लड़की एथलीट है।

एक दलित समुदाय लड़की से 64 लोगों ने दुष्कर्म किया, लड़की एथलीट है। मामले का खुलासा होने से पुलिस भी हैरान है। लड़की से बलात्कार करने के आरोप में पहले छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था और अब पुलिस ने नौ और लोगों को हिरासत में लिया है। केरल पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में अब तक 15 लोगों को हिरासत में लिया गया है। ये खबर आप गज़ब वायरल में पढ़ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पथानामथिट्टा जिले के दो थानों में पांच प्राथमिकी दर्ज करने के बाद शुक्रवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया था।




अधिकारियों ने कहा कि पुलिस को ऐसे सबूत मिले हैं जिनसे पता चलता है कि लड़की के साथ उसके कोच, साथी एथलीट और सहपाठियों सहित कई लोगों द्वारा बलात्कार किया गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि लड़की के बयान के अनुसार, उसने संदिग्धों से बातचीत करने के लिए अपने पिता के मोबाइल फोन का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि फोन के डिटेल्स और लड़की के पास मौजूद डायरी से मिली जानकारी की पुष्टि करने के बाद 40 लोगों की पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में 60 से ज़्यादा लोगों के शामिल होने का संदेह है और पथानामथिट्टा के विभिन्न थानों में प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि ये घटनाएं उस समय हुईं जब लड़की नाबालिग थी, इसलिए आरोपियों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी लगाई जाएंगी। पथानामथिट्टा बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) ने कहा कि हो सकता है कि पथानामथिट्टा जिले के बाहर के व्यक्ति भी इस मामले में शामिल रहे हों। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष के अनुसार, लड़की 13 साल की उम्र से ही बलात्कार की शिकार हुई। उसके साथ बार बार बलात्कार किया गया। पुलिस अधिकारी ने एक समाचार चैनल को बताया कि लड़की को गहन परामर्श के लिए मनोवैज्ञानिक के पास भेजा गया है। सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने बताया कि लड़की के पिता के फोन में कई संदिग्ध आरोपियों के फोन नंबर पाए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बलात्कार की घटना के संबंध में कुल पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि मामले में और भी प्राथमिकी दर्ज की जाएंगी तथा और गिरफ्तारियां होंगी। पुलिस के अनुसार, यह मामला बाल कल्याण समिति द्वारा की गई काउंसलिंग के दौरान सामने आया। दरअसल, लड़की के शिक्षकों ने उसके व्यवहार में आए बदलावों के बारे में समिति को बताया था। समिति ने बाद में पुलिस को सूचित किया, जिसने जांच शुरू की। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच के लिए पथानामथिट्टा के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) की अध्यक्षता में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। मामले में विस्तृत जांच की जा रही है।

# जिन मुस्लिम छात्राओं ने हिंदू सहेली को जबरन पहनाया बुर्का, उनके खिलाफ दर्ज FIR को रद्द करने से इलाहाबाद HC का इनकार

( यंग भारत न्यूज )

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद HC ने मुस्लिम छात्राओं के पर दर्ज FIR रद्द करने से इनकार किया। हिंदू सहेली को जबरन बुर्का पहनाने और इस्लाम कबूलने का दबाव बनाया।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक अहम मामले में 12वीं कक्षा की दो मुस्लिम छात्राओं के खिलाफ दर्ज स्न्ङ्कक्रको रद्द करने से साफ इनकार किया। इन मुस्लिम छात्राओं पर आरोप है कि उन्होंने अपनी ही हिंदू सहेली को जबरन बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया और उस पर इस्लाम कबूलने का दबाव बनाया। यह मामला उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले का है, जहाँ हिंदू पीड़िता के भाई की शिकायत पर यह केस दर्ज किया गया था। कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि जाँच के दौरान जुटाए गए सबूत पहली नजर में गंभीर हैं और मामले की गहन जाँच जरूरी है, इसलिए इस स्तर पर FIR को खत्म नहीं किया जा सकता। मांस खाने से



**कहा- स्कूली बच्चों में मजहब थोपने का चलन चिंताजनक**

मना करती तो जबरन देती थी ग्रेवी, मुस्लिम सहेलियों ने कहा बुर्का पहनने से मिलती है ज्यादा स्वतंत्रता शिकायत के अनुसार, पीड़िता एक ट्यूशन सेंटर में पढ़ने जाती थी, जहाँ उसकी पाँच सहपाठियों, जिनमें आरोपित छात्राएँ भी शामिल हैं, ने उस पर लगातार दबाव बनाना शुरू किया। आरोप है कि इन छात्राओं ने उसे बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया और इस्लाम अपनाने के लिए प्रेरित किया। पीड़िता ने अपने बयान में दिसंबर 2025 की एक घटना का जिक्र किया, जब ट्यूशन के बाद वह इन सहेलियों के साथ बाहर गई थी। इसी दौरान उसे पूरे दिन बुर्का पहनाया गया। इसके अलावा आरोप है कि आरोपित छात्राएँ उसे मांसाहारी भोजन खाने के लिए उकसाती थीं। जब वह मांस खाने से मना करती थी, तो उसे केवल ग्रेवी खाने के लिए कहा जाता था। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि एक आरोपित ने उसका इस हद तक 'ब्रेनवॉश' किया कि वह खुद निर्णय लेने में असमर्थ महसूस करने लगी। साथ ही आरोपित बार-बार उसे यह समझाने की कोशिश करते थे कि उनका मजहब बेहतर है, कुरान को 40 दिनों में पढ़ा जा सकता है और बुर्का पहनने से ज्यादा स्वतंत्रता मिलती है।

### आरोपितों ने क्या दी दलीलें?

*आरोपित छात्राओं की ओर से कोर्ट में दलील दी गई कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। यह भी कहा गया कि यह FIR बदले की भावना से दर्ज कराई गई है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने पहले एक आरोपित छात्रा को परेशान किया था और उसके खिलाफ शिकायत की गई थी। वकील ने यह भी तर्क दिया कि आरोपित छात्रा 18 वर्ष की है और 12वीं की परीक्षा की तैयारी कर रही है, लेकिन इस केस के कारण वह पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पा रही है। साथ ही यह भी कहा गया कि मुख्य आरोप किसी अन्य सह-आरोपित पर हैं, जिसने याचिका दायर नहीं की। हालाँकि कोर्ट ने इन दलीलों को स्वीकार नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड में ऐसा कोई ठोस आधार नहीं है जिससे यह साबित हो कि FIR दुर्भावना से दर्ज की गई है।*

### हाई कोर्ट की टिप्पणी

*कोर्ट ने बताया कि एक CCTV फुटेज में पीड़िता को एक गली में जबरन बुर्का पहनाते हुए देखा गया है। कोर्ट ने यह भी कहा कि जाँच के दौरान 'काफी सामग्री' एकत्र की गई है, जिससे प्रथम दृष्टया मामला बनता है और विस्तृत जाँच जरूरी है। हाई कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि इस स्तर पर यह तय करना जल्दबाजी होगी कि आरोपितों का कृत्य 'प्रलोभन' या 'अनुचित प्रभाव' की श्रेणी में आता है या नहीं, यह जाँच और ट्रायल का विषय है। साथ ही कोर्ट ने युवाओं के बीच इस तरह के मामलों को 'चिंताजनक प्रवृत्ति' बताया। कोर्ट ने कहा कि यह वह उम्र होती है जब युवाओं को अपने कौशल और शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए, न कि दूसरों पर अपनी मजहबी मान्यताएँ थोपनी चाहिए। अंत में कोर्ट ने दोनों छात्राओं की याचिका खारिज कर दी और पहले दिया गया अंतरिम राहत आदेश भी रद्द कर दिया। अब इस मामले में आगे की जाँच जारी रहेगी।*

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 5 | 4 | 0 | 9 |
| बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 8 |
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 |
| लखनऊ | 5 | 2 | 3 | 4 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 5 | 1 | 4 | 2 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली

**228 रन**

बेंगलुर

**पर्पल कैप**



प्रसिद्ध कृष्णा

**10 विकेट**

गुजरात

# जडेजा 3,000 से ज्यादा रन बनाने के साथ ही चटका चुके हैं 173 विकेट, दूसरे नंबर पर अक्षर पटेल

मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में अब तक चुनिंदा स्पिनरों ने 100 विकेट का आंकड़ा पार किया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के क्रुणाल पांड्या ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में ये आंकड़ा छूआ। इसके साथ ही पांड्या उन चुनिंदा खिलाड़ियों की सूची में शामिल हुए, जिन्होंने आईपीएल में 1,000 रन बनाने के साथ-साथ 100 विकेट भी लिए हैं।



### रविंद्र जडेजा

रविंद्र जडेजा आईपीएल में 259 मैच की 201 पारियों में 28.27 की औसत और 130.00 की स्ट्राइक रेट से 3,336 रन बना चुके हैं। इसमें 5 अर्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 77* रन का रहा है। गेंदबाजी में उन्होंने 228 पारियों में 30.31 की औसत से 173 विकेट चटका लिए हैं। वह 1 बार 5 विकेट हॉल भी ले चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 विकेट का रहा है। वह आईपीएल में कुल 4 टीमों से खेल चुके हैं।



### अक्षर पटेल

अक्षर पटेल ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2014 में खेला था। उन्होंने अब तक 166 मुकाबले खेले हैं और इसकी 127 पारियों में 21.32 की औसत और 133.63 की स्ट्राइक रेट से 1,913 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन रहा है। गेंदबाजी में इस खिलाड़ी ने 163 पारियों में 31.72 की औसत से 131 विकेट चटकाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/21 का रहा है।



### क्रुणाल पांड्या

पांड्या ने अपना पहला आईपीएल मुकाबला साल 2016 में खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 147 मुकाबले खेले हैं और इसकी 137 पारियों में 31.41 की औसत और 7.53 की इकॉनमी रेट से 100 विकेट लिए हैं। उन्होंने एक बार 4 विकेट हॉल लिया है और उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन 4/45 का रहा है। बल्लेबाजी में इस खिलाड़ी ने 119 पारियों में 21.96 की औसत और 131.90 की स्ट्राइक रेट से 1,757 रन बनाए हैं।

### इन विदेशी खिलाड़ियों ने हासिल किया है ये मुकाम

विदेशी खिलाड़ियों में 1,000 रन के साथ-साथ 100 विकेट लेने वाले खिलाड़ी ड्वेन ब्रावो, सुनील नरेन और आंद्रे रसेल हैं। इनमें से आईपीएल 2026 में सिर्फ नरेन हिस्सा ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### अर्जुन व आदित्य ने यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह ने आदित्य सिंह की भारतीय जोड़ी ने फ्लोरिडा के नेपल्स में चल रही यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जे मेओडे और डब्ल्यू लिन को 9-11, 11-2, 11-7 से हराकर पुरुष युगल 5.0 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। भारत के ही पंथ ठक्कर और अथर्व शेठ की जोड़ी ने 4.5 पुरुष युगल वर्ग में रजत पदक जीता। उन्हें फाइनल में कैयन एप्पल और माइकल वैन ड्यूसेन से 8-11, 9-11 से हार का सामना करना पड़ा। अर्जुन और आदित्य ने कहा, ''यूएस ओपन में एक और स्वर्ण पदक जीतना बेहद संतोषजनक है। हमने फिर से मिलकर यह खिताब जीता है जिससे यह और खास बन जाता है।

### शुभंकर ने 64 का कार्ड खेला बोल्डर्स खिताब जीतने के करीब

**हैदराबाद।** शीर्ष पर चल रहे शुभंकर शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के शुरूआती बोल्डर्स क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में आठ अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलकर सात शॉट की विशाल बढ़त हासिल की। दो बार के डीपी वर्ल्ड टूर विजेता 29 वर्षीय शुभंकर (66, 66, 64) का कुल स्कोर 20 अंडर 196 हो गया है। उन्होंने तीसरे दौर में नौ बर्डी लगाई और महज एक बोगी की। दिल्ली के राशिद खान, चंडीगढ़ के अंगद चीमा और विशेष शर्मा 13 अंडर 203 के कुल स्कोर से संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।



### युद्ध के बावजूद ईरान फीफा विश्व कप में भाग लेगा

**वाशिंगटन।** विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि अमेरिका के साथ युद्ध के बावजूद ईरान विश्व कप में 'निश्चित रूप' भाग लेगा। इन्फेंटिनो ने सीएनबीसी के इन्वेस्ट इन अमेरिका फोरम में कहा कि ईरान का विश्व कप में भाग लेना महत्वपूर्ण है। अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद ईरान के इस प्रतियोगिता में भाग लेने को लेकर संदेह व्यक्त किया जा रहा है। फीफा अध्यक्ष ने दो सप्ताह पहले तुर्की के अंताल्या में ईरान की राष्ट्रीय टीम से मुलाकात की थी।

### आईजीपीएल गोल्फ : माने, सोनी और शाह संयुक्त बढ़त पर

**जोहानिसबर्ग।** ओलंपियन उदयन माने, मिलिंद सोनी और मानव शाह ने यहां आईजीपीएल इनविटेशनल साउथ अफ्रीका गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में समान सात अंडर 65 का स्कोर बनाकर संयुक्त बढ़त हासिल की। यह तीनों खिलाड़ी पिछले साल के आईजीपीएल रैंकिंग विजेता पुखराज सिंह गिल (66) से एक शॉट आगे हैं। गगनजीत भुल्लर, करनदीप कोचर और सार्थक छिब्बर पांच अंडर 67 के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। पहले दिन के बाद महिला खिलाड़ियों में विधात्री उर्स और वाणी कपूर सबसे आगे हैं।



## अजेय टीम पंजाब पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंची

# डिकॉक के शतक पर भारी प्रभसिमरन की पारी, किंग्स ने मुंबई को 7 विकेट से हराया

- प्रभसिमरन और अय्यर की फिफ्टी
- अर्शदीप 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच

मुंबई

प्रभसिमरन सिंह और कप्तान श्रेयस अय्यर के अर्धशतक से सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक पर पानी फेरते हुए पंजाब किंग्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां मुंबई इंडियन्स को सात विकेट से हराकर अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंच गई। पंजाब किंग्स की टीम मुंबई के 196 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रभसिमरन की 39 गेंद में 11 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 80 रन की पारी की और कप्तान श्रेयस अय्यर (66 रन, 35 गेंद, पांच चौके, चार छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 198 रन बनाकर आसान जीत दर्ज करने में सफल रही। इस जीत से टूर्नामेंट की एकमात्र अजेय टीम पंजाब किंग्स पांच मैच में नौ अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई की टीम इतने ही मैच में दो अंक के साथ नौवें स्थान पर है। इससे पहले मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 122 रन की साझेदारी की जिससे मुंबई इंडियन्स ने छह विकेट पर 195 रन बनाए। ये दोनों उस समय साथ आए जब टीम 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रियांश आर्य (15) ने दीपक चाहर के पहले ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा लेकिन स्पिनर अल्लाह गजनफर (31 रन पर दो विकेट) की गेंद पर चाहर को कैच थमा दिया।



### मुंबई-195/6 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रेयान का शशांक बो अर्शदीप | 02 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 |
| सूर्यकुमार का चहल बो अर्शदीप | 00 |
| नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक | 50 |
| हार्दिक का बार्टलेट बो यानसेन | 14 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 08 |
| मयंक रावत नाबाद | 00 |

अतिरिक्त: 08

कुल:20 ओवर में छह विकेट पर: 195 रन

विकेट पतन: 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-185, 6-193

गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-22-3, यानसेन 4-0-30-1, बार्टलेट 4-0-39-0, वैशाक 3-0-36-0, चहल 3-0-45-0, शशांक 2-0-19-1

### पंजाब-198/3 (16.3)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश का चाहर बो गजनफर | 15 |
| प्रभसिमरन सिंह नाबाद | 80 |
| कूपर का डिकॉक बो गजनफर | 17 |
| श्रेयस का नमन बो शारदुल | 66 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 10 |

अतिरिक्त: 10

कुल: 16.3 ओवर में तीन विकेट पर: 198 रन

विकेट पतन: 1-27, 2-45, 3-184

गेंदबाजी: चाहर 2.3-0-45-0, बुमराह 4-0-41-0, गजनफर 4-0-31-2, पंड्या 3-0-39-0, शारदुल 3-0-42-1

### केकेआर पहली जीत के लिए बेकरार, गुजरात टाइटंस घरेलू मैदान पर अच्छे प्रदर्शन को तैयार

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 25वें मुकाबले में गुजरात टाइटंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से आज 17 अप्रैल को होगा। केकेआर ने इस संस्करण 5 मुकाबले खेले हैं। उसे 4 मैच में हार मिली है और एक मुकाबला बारिश के कारण रद्द रहा है। जीटी ने 4 मैच खेले हैं और उसे 2 मैच में जीत और इतने ही मैच में हार मिली है। लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। वहीं जीत से लबरेज गुजरात टाइटन्स अपनी जीत की लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी। आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 5 मुकाबले हुए हैं। इस दौरान जीटी ने 3 मैच अपने नाम किए हैं। केकेआर सिर्फ एक मैच जीतने में सफल रही है। एक मुकाबला बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ है। आईपीएल 2025 में दोनों टीमों के बीच एक मैच हुआ था। उसे जीटी ने 39 रन से जीता था। आईपीएल 2024 में का मुकाबला रद्द रहा था। ऐसे में केकेआर के खिलाफ जीटी का ही पलड़ा भारी रहने वाला है।

**क्रिकेट**

## बांग्लादेश के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने लिया अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास



ढाका

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज रुबेल हुसैन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। 36 वर्षीय रुबेल ने बुधवार को अपने फेसबुक अकांउट पर लिखा कि वह बांग्लादेश के लिए खेले गए 159 मैचों के अपने करियर को समाप्त कर रहे हैं। रुबेल ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच अप्रैल 2021 में ऑकलैंड में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उसके बाद से चोटों के कारण उनकी भागीदारी सीमित होती गई। उन्होंने कहा हालांकि, मैं घरेलू क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहता हूं।

### डेब्यू पर 4 विकेट लेकर फैलाई थी सनसनी

रुबेल वनडे डेब्यू पर 4 विकेट लेने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज हैं। उन्होंने 2009 में श्रीलंका क्रिकेट के खिलाफ 33 रन देकर 4 विकेट चटकाते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इसी तरह उन्होंने वनडे विश्व कप 2015 में इंग्लैंड के खिलाफ चार गेंदों के अंतराल में इयान बेल और कप्तान इयोन मॉर्गन को आउट करने के बाद स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन को पवेलियन भेजा था।उन्होंने 53/4 के आंकड़ों से टीम को जीत दिलाई थी।

### ऐसा रहा है रुबेल का अंतरराष्ट्रीय करियर

रुबेल ने जनवरी 2009 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। उन्होंने बांग्लादेश के लिए 27 टेस्ट मैचों में 76.77 के औसत से 36 विकेट लिए हैं। 5/166 उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। वह 104 वनडे में 34.31 की औसत से 129 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उन्होंने 7 बार 4 और एक बार 5 विकेट हॉल लिया है। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है। उन्होंने 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में भी 28 विकेट अपने नाम किए हैं।

**इंडियन प्रीमियर लीग**

## चोट से जूझ रहे खलील अहमद और डेविड पायने टूर्नामेंट से हुए बाहर



मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपरकिंग्स को बड़ा झटका लगा है और सनराजर्स को बड़ा झटका लगा है। दोनों के ही तेज गेंदबाज चोट के कारण बचे हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद 14 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने हालिया मैच में जांघ की मांसपेसियों में चोट के कारण शेष टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। सीएसके प्रबंधन ने गुरुवार को सोशल मीडिया के जरिए इसकी पुष्टि की है। यह खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही सीएसके के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। वहीं एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने भी चोट के कारण बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं।

### एसआरएच से पायने हुए बाहर

वहीं आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपना अगला मैच 18 अप्रैल को चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलना है। इस मैच से पहले एसआरएच के लिए बुरी खबर है। एसआरएच के तेज गेंदबाज डेविड पायने बचे हुए सीजन से बाहर हो गए हैं। वह टखने में चोट लगने के कारण आगामी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। एसआरएच ने आधिकारिक तौर पर ये ऐलान किया है।

### ऐसे लगी थी खलील को चोट

एमए चिदंबरम स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच में खलील ने शानदार गेंदबाजी की और सुनील नरेन का अहम विकेट लिया। हालांकि, अपने 4 ओवर के स्पेल की आखिरी गेंद फेंकने के लिए दौड़ते समय उन्हें दाहिनी जांघ में तकलीफ महसूस हुई। इसके बाद वह आखिरी गेंद भी नहीं फेंक सके। गुरजनप्रीत सिंह ने उनका ओवर पूरा किया। मेडिकल जांच में उनकी दाहिनी रेक्टस फेमोरिस टेंडन में खिंचाव के साथ गंभीर चोट की पुष्टि हुई है। खलील की चोट सीएसके के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि वह टीम के तेज गेंदबाजी आक्रमण का अहम हिस्सा थे। इस सीजन में उन्होंने सभी 5 मैच खेले थे। उनकी अनुपस्थिति से टीम को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### आईपीएल 2026 में सिर्फ 2 मैच खेले पायने

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज पायने ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ अपना आईपीएल डेब्यू किया था। अपने पहले मैच में उन्होंने 2 विकेट लिए थे। केकेआर के खिलाफ मैच में वह कोई विकेट नहीं ले सके थे। उस मैच में उन्होंने अपने 2 ओवर में 35 रन लुटाए थे। इसके बाद उन्हें चोट का सामना करना पड़ रहा है।

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि सात करोड़ डॉलर से अधिक हुई

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे।



### युगल विजेताओं की राशि में भी बढ़ोतरी

पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे। पिछले साल कार्लोस अल्कारेज ने पांच सेट के तक चले फाइनल में यानिक सिनर को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता था जबकि कोको गॉफ ने एरिना सबालेंका को हराकर महिला एकल खिताब अपने नाम किया था।

## महिला क्रिकेट : दक्षिण अफ्रीका और भारत के बीच टी20 सीरीज आज से

डरबन

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप से पहले सभी खिलाड़ियों को उचित मौका दिए जाने पर जोर देते हुए कहा कि उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी है और शुक्रवार से यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला का पूरा फायदा उठाने के लिए प्रतिबद्ध है।

हरमनप्रीत ने यह भी कहा कि वनडे विश्व कप जीतने के बाद उनकी टीम आत्मविश्वास से भरी हुई है। भारत ने हाल में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में जीत दर्ज की है।




### विश्व कप की तैयारी के लिए अहम : हरमनप्रीत

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मुकाबले इंग्लैंड एवं वेल्स में 12 जून से पांच जुलाई तक होने वाले वैश्विक टूर्नामेंट से पहले उन्हें संयोजन को परखने और लय बनाने का मौका देंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि पांच मैच की श्रृंखला में सभी खिलाड़ियों को मौका देना ही प्राथमिकता होगी। हम इस मौके को बहुत गंभीरता से लेना चाहते हैं और यहां अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलना चाहते हैं। विश्व कप से पहले यह हमारे लिए एकजुट होने और अच्छी तैयारी का शानदार मौका है।''

## 184 छक्के लगकर केएल राहुल दूसरे स्थान पर

# सलामी बल्लेबाज के रूप में विराट जड़ चुके हैं 186 छक्के

नई दिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 23वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स एलएसजी को 5 विकेट से हराया। चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए मैच में जीत के लिए मिले 147 रन के लक्ष्य को आरसीबी ने विराट कोहली की पारी की मदद (49) से हासिल किया। कोहली ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इस बीच वह बतौर सलामी बल्लेबाज सर्वाधिक छक्के वाले भारतीय बने। इसके बाद दूसरे नंबर पर केएल राहुल का नाम आता है।

### विराट कोहली

कोहली ने अब तक सलामी बल्लेबाज के तौर पर 133 मैच खेले हैं और इसकी 133 पारियों में 5,237 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 113* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 8 शतक और 41 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 185 छक्के लगा चुके हैं।बता दें कि कोहली आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं।

### केएल राहुल

केएल राहुल ने बतौर सलामी बल्लेबाज अब तक 107 मैच खेले हैं और इसकी 107 ही पारियों में उन्होंने 48.69 की औसत और 138.75 की स्ट्राइक रेट के साथ 4,529 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 184 छक्के लगाए हैं। राहुल ने अपने आईपीएल करियर में कुल 5 शतक लगाए हैं और ये सभी सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेलते हुए आए हैं। वह आईपीएल 2026 में भी डीसी के सलामी बल्लेबाज हैं।




### रोहित शर्मा

रोहित शर्मा ने आईपीएल में सलामी बल्लेबाज के तौर पर कुल 148 छक्के लगाए हैं। उन्होंने 121 पारियों में सलामी बल्लेबाज के तौर पर खेला है, जिसमें 29.23 की औसत और 134.81 की स्ट्राइक रेट के साथ 3,303 रन अपने नाम किए हैं। इस बीच उन्होंने एक शतक और 20 अर्धशतक लगाए हैं। वह पारी की शुरुआत करते हुए 7 पारियों में शून्य पर आउट हो चुके हैं।

### शिखर धवन

पूर्व दिग्गज बल्लेबाज शिखर धवन आईपीएल के इतिहास में सलामी बल्लेबाज के तौर पर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इस लीग में 202 पारियों में बतौर सलामी बल्लेबाज उतरे, जिसमें उन्होंने 35.54 की औसत और 128.11 की स्ट्राइक रेट के साथ 6,362 रन बनाए थे। उन्होंने 143 छक्के और 728 चौके लगाए थे।



विशेष : पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

# अपनी पृथ्वी को बनाएं स्वच्छ-सुरक्षित और सुंदर

हमारी पृथ्वी स्वच्छ, सुरक्षित रहे, इसके लिए जरूरी है कि हमारा पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र स्वच्छ, संतुलित और सुरक्षित रहे। बच्चो, कुछ छोटे-छोटे कदम उठाकर तुम भी हमारी पृथ्वी के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हो।

अवेयरनेस

शिखर चंद जैन

बच्चो, इस पृथ्वी पर मनुष्य, पेड़-पौधे, जीव-जंतु, हम सभी रहते हैं। पृथ्वी हमारे घर की तरह है। पृथ्वी की रक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 22 अप्रैल को 'अर्थ डे' यानी 'पृथ्वी दिवस' मनाया जाता है। इसे 'इंटरनेशनल मदर अर्थ-डे' के नाम से भी जाना जाता है। साल 2026 के लिए पृथ्वी दिवस की थीम 'हमारी शक्ति, हमारा ग्रह' निर्धारित की गई है। इसका मतलब है, हम सब पृथ्वीवासी के रूप में अपनी शक्तियों और सूझबूझ का प्रयोग करें और अपनी पृथ्वी को एक बेहतर ग्रह बनाएं।




### हम बच्चे क्या कर सकते हैं

तुम्हारे मन में सवाल उठ सकता है कि इतनी बड़ी पृथ्वी की सुरक्षा हम बच्चे भला कैसे कर सकते हैं? यहां यह समझना होगा, तुम्हें अकेले पूरी पृथ्वी की रक्षा नहीं करनी है। बस अपने हिस्से का काम करना है। जब सभी लोग अपने-अपने हिस्से का काम करेंगे तो पृथ्वी को प्रदूषणमुक्त, स्वच्छ और हरी-भरी रखने की दिशा में बड़े बदलाव होने लगेंगे। हमारी पृथ्वी हरी-भरी, स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त हो जाएगी।

### खूब लगाओ पेड़-पौधे

बच्चो, पेड़-पौधे, घने जंगल और वनस्पतियों को पृथ्वी का फेफड़ा कहा जाता है। यह तो तुम जानते ही हो कि हम सांस के द्वारा ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं और कार्बन डाईऑक्साइड छोड़ते हैं। पेड़-पौधे इसके विपरीत कार्बन डाईऑक्साइड ग्रहण कर हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए भी पेड़-पौधे और जंगल बहुत जरूरी हैं। तो आज ही ठान लो कि तुम पेड़-पौधों से सच्ची दोस्ती करोगे और इसे निभाओगे। तुम खूब पेड़-पौधे लगाओगे, उनकी देखभाल करोगे। यह हमारी पृथ्वी और हमारे लिए बहुत जरूरी है।

### प्लास्टिक को कहो बाय-बाय

आज के समय में प्लास्टिक हमारी पृथ्वी और पर्यावरण के लिए एक बड़ा खतरा बनती जा रही है। धरती को स्वच्छ-सुरक्षित बनाने की दिशा में हमारा मुकाबला 'प्लास्टिक दानव' से भी है। हमारी कोशिश हो कि हम कम से कम प्लास्टिक इस्तेमाल हो ताकि हमारी धरती, समुद्र की मछलियां, घरेलू और जंगली जानवरों के साथ-साथ पेड़-पौधे और हम इंसान भी इसके दुष्प्रभावों से बचें।

### कचरे का सही डिब्बा चुनो

यहां-वहां कचरा फेंकने और इसका सही निस्तारण न करने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है। यह हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होने के साथ-साथ,





हमारी पृथ्वी के लिए भी काफी नुकसानदायक है। इसलिए हमें समझदारी से कचरे का निस्तारण करना चाहिए। नीला डस्टबिन सूखे कचरे के लिए और हरा डस्टबिन गीले कचरे के लिए यूज करना चाहिए। अगर हम कचरा सही जगह डालेंगे, तो हमारी धरती साफ-सुथरी बनी रहेगी।

### ऊर्जा का करो संरक्षण

ऊर्जा सीमित संसाधन है। इसका बेतहाशा इस्तेमाल हमारी पृथ्वी और पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान पहुंचा सकता है। बिजली की बचत कर हम अपनी पृथ्वी को बहुत राहत पहुंचा सकते हैं। इसलिए कमरे से बाहर जाते समय या जब जरूरत न हो, लाइट, पंखे और बिजली के अन्य उपकरण बंद करने की आदत डालें।

### पशु-पक्षियों का सहारा बनो

पशु-पक्षी हों या कीट-पतंगे या फिर कोई भी अन्य जीव, सभी पृथ्वी के लिए आवश्यक हैं। ये हमारे ईको सिस्टम को बैलेंस्ड रखने में सहायक हैं। हमें इनका ध्यान रखना चाहिए। पृथ्वी को खुशहाल रखने के लिए भी इन्हें सुरक्षा देना जरूरी है। गर्मी के दिनों में अपनी छत या बालकनी पर मिट्टी के बर्तन में पानी और दाना जरूर रखो। *



### मत करो पानी की बर्बादी

'जल ही जीवन है' ये स्लोगन तो तुमने सुना होगा। दुनिया के कई हिस्सों में लोगों को अपने दैनिक उपयोग के लिए भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता। पानी बहुत ही अनमोल है, इसकी बर्बादी रोकना जरूरी है। हमें कभी भी पानी वेस्ट नहीं करना चाहिए। ब्रश करते समय नल बंद रखना और नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी-मग का इस्तेमाल करना, ऐसी छोटी-छोटी आदतें अगर हम सभी अपनाएं, तो बहुत सारा पानी बचाया जा सकेगा।

इंस्पायरिंग / अंजू जैन

बच्चों को स्टोरी या नॉलेज से जुड़ी किताबें पढ़ना बहुत पसंद होता है। लेकिन कुछ ऐसे बच्चे भी हैं, जिन्होंने बहुत छोटी उम्र में किताब लिखकर, सबको चौंकाया, देश-दुनिया में प्रसिद्ध हुए। हम तुम्हें ऐसे ही कुछ प्रतिभावान बच्चों और उनकी प्रकाशित किताबों के बारे में बता रहे हैं।

## टैलेंटेड-क्रिएटिव ये नन्हे राइटर

भारत में कई ऐसे प्रतिभाशाली बच्चे हैं, जिन्होंने किताबें पढ़ने की उम्र में खुद ही एक से बढ़कर एक शानदार किताबें लिख डालीं। छोटी उम्र में ही किताबें लिखकर इन बच्चों ने सभी को हैरान कर दिया है। वर्ल्ड बुक डे (23 अप्रैल) के मौके पर जानो, ऐसे ही कुछ टैलेंटेड नन्हे राइटर्स के बारे में।

### वाणी रावल



**हरियाणा की** वाणी रावल ने 10 साल की उम्र में 'कैथी' 23 डेज ऑफ क्रिसमस' और 'कैथी इज कॉलिंग: फाइव एलिमेंट्स ऑफ क्रिसमस' नामक किताबें लिखीं। किताबों की ये सीरीज लिखकर वाणी ने दुनिया की सबसे कम उम्र की 'सीरीज राइटर' होने का गौरव हासिल किया। वाणी का नाम 'वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड', 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स', 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'ब्रावो इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड' में दर्ज है। *

### अभिजिता गुप्ता



**उत्तर प्रदेश** की अभिजिता गुप्ता ने 7 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हैप्पीनेस ऑल अराउंड' लिखी। वह 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा दुनिया की सबसे कम उम्र की लेखिका मानी गई हैं। वह अब तक 3 किताबें लिख चुकी हैं। 2020 में अभिजिता ने कहानी और कविता की पुस्तक की सबसे कम उम्र की लेखिका होने का रिकॉर्ड बनाया, जिसे 'इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' और 'एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा प्रमाणित किया गया है। अभिजिता की कुछ प्रमुख किताबें हैं- 'ग्योरली सस्टेन', 'द बिगिन विद द लिटिल थिंग्स', 'मार्क ऑफ द कीपर: वेल ऑफ लाइट'। अभिजिता को 'ग्लोबल चाइल्ड प्रॉडिजी अवॉर्ड 2022' से भी सम्मानित किया जा चुका है। यहां यह भी जानो कि अभिजिता हिंदी साहित्य के महान विभूति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की परपोती है। *

### अयान गोगोई गोहेन



**असम के** अयान गोगोई गोहेन ने मात्र 4 साल की उम्र में अपनी पहली किताब 'हनीकॉम्ब' लिखी थी। उसे 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स' द्वारा भारत का सबसे कम उम्र का लेखक घोषित किया गया है। अयान दुनिया के सबसे कम उम्र के लेखकों में से एक है। वर्ष 2020 में ग्लोबल चाइल्ड प्रोडिजी अवार्ड विजेता अयान ने 'बंबलबी' और 'लाइफ लेसंस फ्रॉम द फोर-लेग्ड मोंक' जैसी किताबें भी लिखी हैं। अयान दुनिया के शीर्ष 100 बाल प्रतिभाओं की सूची में भी शामिल हो चुका है। *

तुम्हारे लिए किताब / नीलम राकेश

## पर्यावरण संरक्षण की कहानियां

बच्चो, स्वस्थ रहने के लिए जरूरी है धरती का पर्यावरण शुद्ध रहे। पर्यावरण तभी शुद्ध रहेगा, जब हम सभी मिलकर इसको संरक्षित करेंगे। इस बात को ध्यान में रखकर बाल साहित्यकार डॉ. नागेश पांडेय 'संजय' ने तुम्हारे लिए विशेष रूप से कथाओं का संकलन 'पर्यावरण संरक्षण की कहानियां' तैयार किया है। इस किताब में देश के जाने-माने 15 बाल साहित्यकारों की कहानियां संकलित की गई हैं। बच्चो, इस किताब की कहानियों में तुम्हें प्रकृति के नए-नए रंग देखने को मिलेंगे, जो तुम्हारे भीतर पर्यावरण के प्रति प्रेम जगाएंगे। इस संकलन की कहानियों में कहीं देव नदी गंगा अपनी मदद के लिए पुकार रही है, तो कहीं पर 'अलईतारा' के रूप में श्रमदान का महत्व बताया गया है। इस संकलन की एक कहानी 'बिन मौसम' तुम्हें झूमते हुए वृक्षों की छांव में ले जाएगी। कहानी 'पानी नहीं' बताती है पानी की फिजूल खर्ची से कितनी दिक्कतें आ सकती हैं? किताब की हर कहानी कोई ना कोई संदेश देती है, तुम्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करती है। कहानियों के साथ छपे सुंदर चित्र इस किताब के आकर्षण को बढ़ाते हैं। किताब का आवरण बहुत ही मोहक है। एक खास बात यह है कि इसमें बने चित्रों में तुम्हें रंग भरने का मौका मिलेगा। *



**किताब:** पर्यावरण संरक्षण की कहानियां, **संपादक:** डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'
**मूल्य:** 230 रुपए, **प्रकाशक:** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

कल्पना करो धरती, सौरमंडल में तीसरी कक्षा से दूर चौथी कक्षा में आ जाए तो क्या होगा? यही होगा, सारे प्राणियों का जीवन घोर संकट में आ जाएगा। इसलिए जरूरी है, हम अपनी आदतें सुधारें, पर्यावरण संरक्षित करें। बच्चो, यह कहानी सौरमंडल में धरती के निश्चित स्थान की महत्ता बताती है।

## जब धरती ने जगह बदलने की ठानी






कहानी

कुसुम अग्रवाल

आज विद्यालय में विशेष चहल-पहल थी। स्कूल का प्रांगण हरे और नीले गुब्बारों से सजा था। मंच पर लगे एक बैनर पर बड़े अक्षरों में लिखा था-पृथ्वी दिवस। प्रधानाचार्य जी ने मंच पर आकर माइक से घोषणा की, 'आज कक्षा सात के विद्यार्थी एक विशेष नाटक प्रस्तुत करेंगे-जब धरती ने जगह बदलने की ठानी।'

तभी मंच पर परदा खुला। मंच के बीचों-बीच नीले-हरे वस्त्र पहने एक बच्ची खड़ी थी। वह धरती बनी थी। उसके चारों ओर रुई से बने बादल और चमकीले तारे सजे थे। धरती उदास स्वर में बोली, 'मैं बहुत ज्यादा तंग आ चुकी हूं। धुआं, प्रदूषण, बढ़ते तापमान से। मैं सौरमंडल में सूरज से दूरी के हिसाब से तीसरे स्थान पर यानी तीसरी कक्षा में हूं। क्यों न मैं चौथी कक्षा में आ जाऊं। वहां कुछ ठंडक मिलेगी।'

पास में मौजूद चंद्रमा घबराए स्वर में बोला, 'ऐसा मत करो धरती बहन! इससे सौरमंडल का संतुलन बिगड़ जाएगा।'

तभी अलग-अलग वेशभूषा में कुछ बच्चे मंच पर आए। एक बच्चा पेंग्विन बना था। उसने घबराते हुए कहा, 'धरती मां, अगर आप दूर चली गईं तो यहां बहुत ज्यादा ठंडक बढ़ जाएगी। समुद्र जम सकते हैं। हमें भोजन कहां मिलेगा?'

हाथी बना हुआ बच्चा बोला,'जंगलों में धूप कम हुई तो पेड़-पौधे कैसे उगेंगे, बढ़ेंगे? हम क्या खाएंगे?'

एक बच्ची जो किसान बनी थी, बोली, 'हमारी फसलें नष्ट हो जाएंगी।'

समुद्री नीले वस्त्रों में एक बच्चा, जो व्हेल बना था, बोला, 'पृथ्वी बहन तुम्हारे दूर जाने से समुद्र में आने वाले ज्वार-भाटे का रूप बदल जाएगा।'

तभी एक बाल वैज्ञानिक मंच पर आया। उसने चार्ट दिखाते हुए कहा, 'धरती का सूर्य से निश्चित दूरी पर तीसरी कक्षा में होना ही, इस पर जीवन के लिए आदर्श स्थिति है। यदि पृथ्वी चौथी कक्षा में चली गई तो यह अत्यधिक ठंडी और बंजर हो सकती है, जैसे मंगल ग्रह। और यदि धरती सूरज के पास यानी दूसरी कक्षा में आ जाए तो तपने लगेगी, जैसे शुक्र ग्रह।'

सामने बैठे दर्शक छात्र, ध्यान से सभी बातें सुन रहे थे। धरती ने दुःखी स्वर में कहा, 'पर मेरा बुखार कौन समझेगा? ग्लोबल वार्मिंग मुझे बीमार कर रही है।'

तभी छोटे-छोटे बच्चे पौधे लेकर मंच पर आ गए। एक ने कहा, 'गलती हमारी है। धरती आप अपनी जगह मत बदलें। हम बदलेंगे अपने आपको।'

दूसरे ने कहा, 'हम पेड़ लगाएंगे!'

तीसरे ने कहा, 'हम बिजली बचाएंगे!'

चौथे ने कहा, 'हम प्लास्टिक का उपयोग कम करेंगे!'

पांचवें ने कहा, 'हम हर दिन पृथ्वी दिवस मनाएंगे!'

धरती बनी बच्ची कुछ क्षण चुप रही फिर मुस्कुराते हुए बोली, 'यदि तुम सचमुच अपना व्यवहार बदलोगे, तो मुझे कहीं जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।'

अंतिम दृश्य में सभी बच्चे हाथों में हाथ डालकर बोले, 'धरती हमारी है, हम इसके रखवाले हैं! हम प्रकृति का संरक्षण करेंगे।'

परदा गिरा। नाटक खत्म हो गया। पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। प्रधानाचार्य जी मंच पर आकर बोले, 'बच्चो, अभी जो तुमने देखा, यह केवल नाटक नहीं है। यह सच्चाई है। धरती अपनी कक्षा नहीं बदल सकती, पर हम अपनी आदतें बदल सकते हैं।' आज स्कूल में पृथ्वी दिवस पर केवल एक कार्यक्रम नहीं हुआ था, यहां संकल्प लिया गया था, पृथ्वी को बचाने का। *

कविता

राजेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव



## पृथ्वी कितनी प्यारी है!

पृथ्वी कितनी प्यारी है!
सभी ग्रहों से न्यारी है।
हम सबकी जीवनदायी,
हितकारी उपकारी है।
खेत और खलिहान यहां,
वन-उपवन, मैदान यहां।
नदियां ताल समंदर हैं,
खनिजों की हैं खान यहां।
तितली भौंरे सुमन यहां,
पंछी पर्वत पवन यहां।
जल, थल, बादल, नील गगन,
जीवन, भोजन, वसन यहां।
लेकिन वन कटते जाते,
नए शहर बसते जाते।
मिट्टी रेत खनिज पानी,
दिन-प्रतिदिन घटते जाते।
अब हम लें जिम्मेदारी,
और न दोहन हो भारी।
हम सब मिलकर यत्न करें,
बची रहे पृथ्वी प्यारी।

## बूझो तो जानें



1. नीला पानी, हरी है घास,
सबके लिए हूं मैं तो खास।
इंसान, पशु और पक्षी सारे,
रहते हैं मेरे ही सहारे।

2. सिर पर ऊपर नीला अंबर,
पैरों के नीचे मिट्टी सुंदर।
पहाड़, नदी और जंगल घने,
सब कुछ हैं मुझसे ही बने।

-शिवानी छाया

उत्तर : पृथ्वी

## जीके क्विज-201



1. साइकिल से एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला का क्या नाम है?
2. हाल में ही बिहार के नए मुख्यमंत्री कौन बने हैं?
3. रूपा बायर किस खेल से संबंधित हैं?
4. आईपीएल में 200 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज कौन बन गए हैं?
5. श्रमिक दिवस कब मनाया जाता है?
6. तेनालीरामा किस राजा के दरबारी विद्वान थे?
7. विश्व की सबसे गहरी झील कौन-सी है?
8. भारत के राष्ट्रपति राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत करते हैं?
9. भूकंप की तीव्रता किस यंत्र से मापी जाती है?
10. किस नदी को दक्षिण भारत की गंगा कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-201 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-200 का उत्तर :** 1. रोपड़ (पंजाब), 2. भारत, 3. अकबर और हेमू, 4. मिथुन मन्हास, 5. विशाखदत्त, 6. हेग(नीदरलैंड), 7. बुध, 8. विटामिन ए, 9. बी.आर. आंबेडकर, 10. राजस्थान

**जीके क्विज-200 का सही उत्तर देने वाले :** साकेत-दुर्ग, कबीर-हिसार, अनन्या-राजनांदगांव, कविश-रायपुर, सौम्या-रायगढ़, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, तमन्ना-कोरबा, अक्षित-बिलासपुर, सुमित-रोहतक, हर्ष-बालोद

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पार्क में पिकनिक मना रहे भालू और खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में सात अंतर हैं। तुम पांच मिनट में सभी सात अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.भालू तरबूज के बजाय सैंडविच खा रहा है। 2.खरगोश ने टोपी नहीं पहनी है। 3.बेंच पर बिल्ली के बजाय एक पक्षी बैठा हुआ दिख रहा है। 4.पेड़ के नीचे दो तितलियां उड़ रही हैं। 5.भालू के बगल में रखा बास्केट गायब है। 6.भालू की छोटी-सी पूंछ दिख रही है। 7.फूलों वाले गमले की जगह पर बास्केट रखा हुआ है।

## लेफ्ट-राइट बताओ

बच्चो, यहां दी गई तस्वीर में कुछ क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, तो कुछ राइट की तरफ। तुम्हें गिनकर दिए गए बॉक्स में लिखना है कि कितनी क्लाउन फिश लेफ्ट की तरफ घूमी हुई हैं, कितनी राइट की तरफ?



LEFT

RIGHT

उत्तर: ??????????????

# सौनकिया मैथ क्लासेस की मृणाली श्रीवास्तव ने किया 97.2% के साथ गुरसराय में टॉप

( यंग भारत न्यूज )

**गुरसरांय।** 15 अप्रैल 2026 को सीबीएसई के 10वीं परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमें सौनकिया मैथ क्लासेस में विगत दो वर्षों से अध्यनरत मृणाली श्रीवास्तव ने 97.20% अंक प्राप्त कर पूरे गुरसराय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।




मृणाली सौनकिया क्लासेस में गणित और विज्ञान दोनों की विगत दो वर्षों से छात्रा रही है जिसमें उन्होंने गणित में सर्वाधिक 98 अंक अर्जित किया और वही विज्ञान में 95 अंक अर्जित किया और अपनी सफलता का श्रेय उन्होंने अपनी कोचिंग के डायरेक्टर आशानंद सौनकिया सा, सौरभ सोनकिया सर एवम् अपने माता-पिता को दिया। जिस पर कोचिंग के डायरेक्टर आशानंद सौनकिया ने प्रसन्नता जताई और बताया विगत 7 वर्षों से लगातार संस्थान गुरसराय में टॉपर्स छात्रों को दे रहा है और यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। मृणाली श्रीवास्तव ने गणित में पूरे गुरसराय में सर्वाधिक 98 अंक अर्जित किया। वही विज्ञान विषय में गुरसराय में सर्वाधिक अंक कोचिंग के ही छात्र प्रवीण कुमार मिश्रा ने 97 अंक अर्जित कर कोचिंग का मान बढ़ाया ।इसके अलावा गणित स्टैंडर्ड में श्रेय गुप्ता और मोहित वर्मा ने गुरसराय में सर्वाधिक 96 अंक अर्जित किया ।वहीं श्रेय गुप्ता ने 94.20 % प्रतिशत अंक पाकर गुरसराय में तृतीय स्थान और नगर के विद्यालय सेंट मैरिज सीनियर सेकंडरी विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।कोचिंग से मोहित वर्मा ने नगर में 93.20% के साथ चतुर्थ स्थान, पवित्र तिवारी ने 92.40% के साथ पांचवां स्थान, सृष्टि अग्रवाल ने 92.20 प्रतिशत के साथ छठवां स्थान,प्रवीण कुमार मिश्रा ने 91.60 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान, सानिध्य पिपरैया,आदर्श यादव और सिमरन पटेल ने 90% अंकों के साथ आठवां स्थान, आराध्या जैन ने 89% के साथ नौवां स्थान कन्हैया यादव ने 88% दसवां स्थान प्राप्त किया ।वही कोचिंग से गणित में कुल 14 छात्रों ने 80 अथवा 80 से अधिक अंक अर्जित किया और 23 छात्रों ने विज्ञान में 80 अथवा 80 से अधिक अंक अर्जित किया। सभी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय कोचिंग में बेहतर मार्गदर्शन और समय-समय पर आयोजित उत्तम टेस्ट प्रणाली को दिया जिससे उन्होंने अपना परीक्षण और अपनी तैयारी में सर्वोत्तम प्रदर्शन करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ परीक्षा फल प्राप्त किया। अंत में सौरभ सौनकिया ने सभी सफल छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की की शुभकामनाएं दी।

# भगवान परशुराम की भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा का नगर भ्रमण आज

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भगवान परशुराम सेवा संस्थान के तत्वावधान में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा शनिवार 18 अप्रैल को निकाली जायेगी। भगवान परशुराम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित पत्रकार वार्ता में संस्थान के पदाधिकारियों ने सामूहिक रुप से दी।

पत्रकारों से चर्चा करते हुए शोभायात्रा के अध्यक्ष वरिष्ठ समाज सेवी एवं जीआईसी के सेवानिवृत उप प्राचार्य आलोक शांडिल्य ने बताया कि शनिवार 18 अप्रैल को अपराह्न 3:30 बजे खण्डेराव गेट स्थित व्यायाम शाला के गेट नं दो से प्रारम्भ होकर शहर ? क्षेत्र में भ्रमण करेगी ।शोभायात्रा एलबीएम से कोतवाली, गंधीगर का टपरा, बिसाती बाजार, बड़ा बाजार, गांधी रोड, रानी महल, सिंधी तिराहा होते हुए वापस व्यायामशाला पर समाप्त होगी। वरिष्ठ समाज सेवी आशीष उपाध्याय ने बताया कि शोभायात्रा में भगवान परशुराम, वामन भगवान, कृष्ण सुदामा एवं चाणक्य के स्वरूप बग्गी पर सवार होकर चलेंगे साथ ही क्रांतिकारी मंगल पांडे, राजगुरु भगत सिंह, बाल गंगाधर तिलक, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस आदि के स्वरूप आकर्षण का केंद्र ?होंगे। शोभायात्रा के प्रारंभ स्थल पर 101 कर्मकांडी ब्राह्मणों द्वारा स्वस्ति वाचन किया जायेगा। यात्रा में बुंदेलखंड के सभी धर्माचार्य, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं लगभग दो हजार से अधिक ब्राह्मण बंधु व महिलायें व सामाजिक लोग उपस्थित रहेंगे। विभिन्न व्यापारिक एंव सामाजिक संगठनों के द्वारा जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत किया जायेगा। पत्रकार वार्ता के दौरान शोभायात्रा अध्यक्ष आलोक शांडिल्य व आयोजन समिति से के के दुबे, गोकुल दुबे, वीरेंद्र पटैरिया, मैथिली शरण मुदगिल,आशीष उपाध्याय कम्मू तिवारी, दिलीप तिवारी, विनोद ? बिहारी परशुराम, रविकांत मिश्रा, केशव पटैरिया, लखनलाल पुरोहित, परन शर्मा, विनोद रिछारिया, राधाचरण दुबे, दिलीप पाण्डेय, पी.एन. गोस्वामी, आर.एन. शर्मा, आर. एन. उपाध्याय, ज्ञानेंद्र अवस्थी, राहुल तिवारी, रजत गोस्वामी, लड्डू महाराज, अर्पित शर्मा आदि जन उपस्थित रहे। संचालन सुशील भार्गव व अंचल अडजरिया ने किया। अंत में अखिलेश ? शर्मा 'गुड्डू' ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# न्यायालय और न्यायिक अधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी

## एसएसपी को लिखा पत्र, न्यायालय व न्यायाधीश की बढ़ी सुरक्षा

**झांसी।** झांसी में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश व न्यायिक अधिकारी को बम से उड़ाने की धमकी का पत्र मिलने से न्यायालय परिसर में सनसनी फैल गई है। इस मामले में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय ने एसएसपी को पत्र लिखकर कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसके बाद न्यायालय व न्यायाधीश की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। आने जाने वालों पर नजर रखी जा रही है ।झीलें और नदियां

दरअसल, डाक से एक गुमनाम पत्र जिला न्यायाधीश के नाम न्यायालय को मिला। जिसमें अपर जिला सत्र न्यायाधीश व न्यायालय को टारगेट कर बदला लेने के लिए बम से उड़ा देने की धमकी दी गई है। इसमें तारीख भी तय की गई है। पत्र में एक अधिवक्ता का नाम लिखा है। यह गुमनाम पत्र मिलने के बाद न्यायालय परिसर में सनसनी फैल गई है। पत्र को गंभीरता से लेते हुए न्यायालय के प्रशासनिक अधिकारी ने एसएसपी को पत्र लिखकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम और पत्र की निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए है। पत्र मिलने के बाद न्यायालय व संबंधित न्यायाधीश के आवास की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। गुमनाम पत्र की जांच की जा रही है।

# भव्यता से मनाया जायेगा 34वां भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह

## विविध कार्यक्रम होंगे, विशाल शोभा यात्रा 19 अप्रैल को

( यंग भारत न्यूज )



**झाँसी।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह महासमिति के अध्यक्ष मुख्य संयोजक रवीश त्रिपाठी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि भगवान परशुराम जयंती का 34वां वार्षिकोत्सव समारोह दिनाँक 18 से 21अप्रैल तक भव्यता से मनाया जायेगा। दिनाँक 18 अप्रैल को रानीमहल स्थित श्री गोपीनाथ जी के मंदिर में दोपहर 1 बजे भगवान जी के भव्य तेल चित्र का अनावरण किया जायेगा। दिनाँक 19 अप्रैल को त्रिपाठी सदन गोलाकुंआ से दोपहर 2 बजे भगवान परशुराम जी की विशाल शोभायात्रा का नगर भ्रमण होगा ।दिनांक 20 अप्रैल को बडागांव गेट स्थित हनुमान मंदिर में यज्ञोपवीत संस्कार। 21अप्रैल को ग्वालियर रोड स्थित श्री सिद्वेश्वर मंदिर सभागार में दोपहर 2 बजे भगवान परशुराम जयंती के 34वें वार्षिकोत्सव का समापन एवं समाज की उत्कृष्ट विभूतियों का सम्मान समारोह किया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिये संरक्षक मण्डल में महानगर धर्माचार्य पं हरिओम पाठक, इंजी रविकान्त दुबे, चन्द्रप्रकाश मिश्रा, कालीचरन जारौलिया, राजीव त्रिपाठी, रामप्रकाश तिवारी को रखा गया है। शोभा यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में भक्तों से भाग लेने की अपील की गयी। पत्रकार वार्ता में तहसील बार संघ के अध्यक्ष पंकज पाराशर एड0, मनोज पाठक, बन्टी दुबे, अखिलेश पाण्डेय, कमलेश मिश्रा, संजीव शर्मा, रजत त्रिपाठी, संजीव त्रिपाठी, विनोद समाधिया,राजेश तिवारी, विवेक गोस्वामी, आदि उपस्थित रहे।

# गरौठा विधानसभा में डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती पर गोष्ठी आयोजित

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसरांय।** संबिधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वी जयंती के उपलक्ष में नगर के जे आर गार्डन में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य अतिथि अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री सलिल श्रीवास और विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख बामौर चंद्रभान अहिरवार ,रतनलाल अहिरवार रहे ।अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रदीप पटेल सर जी ने की।

कार्यक्रम में गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ,जिला महामंत्री क्षत्रपाल राजपूत ,जिला महामंत्री बद्री प्रसाद त्रिपाठी ,पूर्व विधायक प्रागीलाल अहिरवार ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने सम्पूर्ण समाज के लिए पथ प्रदर्शक का कार्य किया ।उनके द्वारा किये गए संबिधान की रचना हमारा मार्ग प्रशस्त करती है ।इसे देश वासी हमेशा याद करते रहेंगे। इस मौके पर मनीष कोरी,अंबेडकर अहिरवार,सतेंद्र खरे , राजा केशबेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महामंत्री अनिल राज ने किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मंडल के समस्त पदाधिकारी,जिले के पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ललितपुर उपजके सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष बने सुरेश प्रकाश कौंतेय

( यंग भारत न्यूज )



**ललितपुर।** आज जिले के पत्रकारों की बैठक होटल कैलाश में संपन्न हुई ।बैठक में जिले में पत्रकारों के एक मजबूत संगठन की आवश्यकता पर चर्चा हुई ।मुख्य अतिथि अनिल शर्मा ने उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट के अध्यक्ष पद पर सुरेश प्रकाश कौंतेय के मनोनयन की घोषणा की। होटल कैलाश में जिले के वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा की अध्यक्षता और अनिल शर्मा के मुख्य आतिथ्य मे जिले के पत्रकारों की एक बैठक का आयोजन किया गया ।बैठक में सर्व सम्मति से जिले में उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट की स्थापना कर सुरेश प्रकाश कौन्ते को जिलाध्यक्ष चुना गया ।मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी अनिल शर्मा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से 15 दिन में कार्यकारिणी बनाने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि हमारा संगठन सभी पत्रकारों चाहे वे किसी भी संगठन के हों उनके सम्मान और संरक्षण के लिए संकल्पित रहेगा ।निष्पक्ष पत्रकारिता के लिए जिले में पत्रकारों को भयमुक्त वातावरण निर्मित कर उनके उत्पीड़न पर उनकी मदद करने का संगठन ने संकल्प लिया ।मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा ने जिले के सभी पत्रकारों के बीच सदस्यता अभियान चलाने की अपील की। जिलाध्यक्ष सुरेश कौंतेय ने कहा कि शीघ्र ही सभी तहसीलों के सदस्यता प्रभारी बनाकर सदस्यता दिलाई जाएगी। आज की बैठक में जयेश बादल,रमेश श्रीवास्तव,मो0हबीब खान,लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा,रमन शर्मा, श्रेष्ठ श्रीवास्तव,शुभ श्रीवास्तव,प्रमोद कुमार झा,अशोक कुमार सैन,अनूप नांगल,देवेंद्र साहू,अरविंद संज्ञा, अमित लखेरा,मनीष पाठक,अजय श्रीवास्तव,अरविंद साहू,राजेश श्रीवास्तव सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता सुनील शर्मा तथा संचालन प्रमोद गोस्वामी ने किया।

# तिरूपति एंटरप्राइजेज को मिला बेस्ट सेलिंग अवार्ड

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** झांसी की तिरूपति एंटरप्राइजेज को जैक्सन और कमिंस जेनरेटर में पूरे भारत में शानदार बिक्री के प्रदर्शन के आधार पर प्रथम पुरस्कार मिला है। कंपनी ने बेस्ट सेलिंग अवार्ड प्रदान किया है। तिरूपति एंटरप्राइजेज के संचालक पुनीत रावत एवं पीयूष रावत ने यह अवॉर्ड प्राप्त किया। पीयूष रावत ने इसे बुंदेलखंड के व्यापारिक क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि बताया। तिरूपति एंटरप्राइजेज भविष्य में ऐसी ही प्रगतिशील उपलब्धियां हासिल करती रहेंगी। उनके अनुसार जैक्सन और कमिंस जनरेटर भारत में प्रतिष्ठित एवं विश्वनीय पहचान रखता है।

# निधन

( यंग भारत न्यूज )



**गुरसराय।** नगर के गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ रामशरण कौशिक नुनार वालों का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 18 अप्रैल को प्रात: 8:00 बजे गुरसरांय के मऊरानीपुर रोड स्थित श्मशान घाट पर किया जाएगा।

# गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने से छत उड़ी

## बहू ने मंदिर में दीया जलाया तो आग भड़की, धमाका सुन चौकी से भागे पुलिसकर्मी

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** जनपद में गुरुवार रात एक मकान में आग लगने के बाद गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। इससे कमरे की छत उड़ गई और कॉलोनी में दहशत का माहौल हो गया। धमाका सुनकर पड़ोस में बनी चौकी के पुलिसकर्मी बाहर निकल आए।

पुलिस ने लोगों के साथ मिलकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। पुलिस के फोन करने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ। बताया जा रहा है कि महिला ने मंदिर में दीपक जलाया गया। इसके बाद ही आग भड़क गई। इससे फ्रिज, वाशिंग मशीन मशीन, दो मोबाइल, पैसे समेत एक लाख रुपए का सामान जल गया। घटना प्रेमनगर थाना क्षेत्र के नैनागढ़ चौकी के पास की है। नैनागढ़ चौकी के पास रहने वाले जगदीश सिंह ने बताया- मैं ऑटो चलाता हूं। घर में किराना की दुकान है। गुरुवार रात को ऑटो चलाकर आया तो दुकान पर बैठा था। रात लगभग 8 बजे बहू ने छत पर बने कमरे में मंदिर के अंदर दीपक जलाया। इसके बाद वो नीचे आ गई। कुछ देर बाद कमरा में आग लग गई। यहां दो गैस सिलेंडर रखे थे। इसमें एक सिलेंडर भरा था। आग की वजह से भरा हुआ सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। इससे कमरे की सीमेंट शेड वाली छत उड़ गई। क्षेत्र में दहशत का माहौल हो गया और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। जगदीश सिंह ने आगे बताया- धमाका सुनकर घर के बाहर निकला तो देखा कि ऊपर वाले कमरे में आग लगी थी। मैंने कमरे में जाने की कोशिश की, लेकिन लपटें निकल रही थी। आग इतनी तेज थी कि सीढ़ियों पर भी नहीं चढ़ पा रहा था। तब तक नैनागढ़ चौकी से पुलिस आ गई। सभी ने फायर बिग्रेड को फोन किया। तब तक पूरे कमरे में आग लग चुकी थी। घर में दो सिलेंडर और रखे थे, उनको बाहर निकाला। मोहल्ले में अफरा तफरी का माहौल हो गया। दूसरे कमरे में आग पहुंचती, उससे पहले ही फायर बिग्रेड की एक गाड़ी आ गई। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग से दो फोन, पैसा, फ्रिज, वॉसिंग मशीन सबकुछ जल गया। लगभग एक लाख रुपए का सामान जल गया। गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ।

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718